एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरीहर नाथ राय पिता श्री सूर्यदेव राय, कामेश्वर प्रसाद राय, प्रकाश चंद राय दोनों के पिता श्री हरिहर नाथ राय सभी निवासी जवाहर नगर खेरमाई मंदिर के पास दीवान आधार सिंह वार्ड अधारताल तह. व जिला जबलपुर द्वारा मौजा महाराजपुर ख.नं. 296/65 रा.नि.मं. जबलपुर-1 में स्थित रकवा 0.014 हे. भूमि श्रीमती मालती देवी पति हरिहरनाथ राय निवासी 464/1, जवाहर नगर जबलपुर का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। आवेदक के पत्नि एवं मां का निधन हो चुका है। उक्त संपत्ति का फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 18/07/25 तक कार्यालय हाट बाजार में स्थित न्यायालय अति. तहसीलदार अधारताल में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक : 04/07/25

पेशी दिनांक : 18/07/25

र.नं. 1148 अतिरिक्त तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर

## न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल जिला जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0614/अ-6/2025-26

जबलपुर, दिनांक ..........

### आम इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शेख खान पिता पप्पू खान निवासी म.नं. 73, सर्वेट क्वाटर सर्किट हाउस सिविल लाईन जबलपुर द्वारा मौजा बैतला न.ब. 52 प.ह.नं. 01, रा.नि.म. जबलपुर-1 तह. व जिला जबलपुर स्थित खसरा नं. 190/12/2/18 रकवा 1000 वर्गफुट भूमि श्रीमती हमीदुन निशा पति पप्पू खान, शेर खान, रशीद खान दोनों के पिता पप्पू खान का नाम राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। उक्त संपत्ति पर फौती नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज पेशी दिनांक 18/07/25 तक कार्यालय हाट बाजार में स्थित न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

जारी दिनांक : 04/07/25

पेशी दिनांक : 18/07/25

र.नं. 1147 नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल, जबलपुर

## राधिका हत्या मामले में खुलेंगे राज

**गुरुग्राम,(एजेंसियां)।** गुरुग्राम के सेक्टर-57 के सुशांतलोक-2 में गुरुवार की सुबह करीब 11.30 बजे महिला टेनिस खिलाड़ी को उसके पिता ने चार गोली मारकर हत्या कर दी। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि टेनिस खिलाड़ी के अकेडमी चलाने पर नाराजगी के चलते पिता ने लाइसेंसी रिवॉल्वर से उसी पीठ में गोली मार दी। राधिका यादव को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी पिता को गिरफ्तार कर शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया। जहां से कोर्ट ने आरोपी को एक दिन की पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। मृतका की पहचान राज्य स्तरीय टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव (करीब 25 वर्ष) के रूप में हुई, जोकि अपने परिवार के साथ सेक्टर-57 स्थित सुशांतलोक-2 में रहती थी। टेनिस खिलाड़ी को गोली मारने की सूचना मिलते ही पुलिस उपायुक्त (पूर्व), सेक्टर-56 थाने के प्रभारी, एफएसएल, सीन ऑफ क्राइम और फिंगरप्रिंट की पुलिस टीमें घटनास्थल पहुंची। जिस घर में गोली मारी गई थी, पुलिस ने वहां पर साक्ष्य एकत्रित किए गए। मृतका के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी रखवाया गया। पुलिस जांच में पता चला कि राधिका ने टेनिस खेल में कई पदक भी जीते हैं। कुछ माह पहले कंधे में चोट लगने के कारण राधिका ने टेनिस खेलना छोड़ दिया था। इसके बाद राधिका ने वजीराबाद गांव में बच्चों को टेनिस सिखाने के लिए अकादमी शुरू की थी, लेकिन राधिका के पिता दीपक इस अकादमी को खोलने के खिलाफ थे।

## गुजरात पुल हादसे में मरने वालों की संख्या 21 हुई

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुराने पुल के ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 21 हो गई है। शुक्रवार को एक घायल की अस्पताल में मौत हुई। मरने वालों का आंकड़ा 20 हो गया है। एक शख्स की तलाश में एनडीआरएफ - एसडीआरएफ की टीमें जुटी हैं।

## तेलंगाना भाजपा विधायक राजा सिंह का इस्तीफा स्वीकार

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने तेलंगाना में गोशामहल सीट से विधायक राजा सिंह लोध का पार्टी से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने अधिसूचना जारी करके बताया कि पार्टी अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने उनके पार्टी से इस्तीफे को तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है।




# अभिमत

**शहरों व कस्बों की नदियों के आसपास अतिक्रमण हो रहा है, उस पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। जब से जमीनों के दाम बढ़े हैं तब से यह सिलसिला बढ़ रहा है। इसी प्रकार वेटलैंड ( जलभूमि) की जमीन पर भी कम हो गई है। इससे पर्यावरणीय और जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। पक्षी व जल जीवों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है। शहरों में तो यह समस्या बड़ी है। पानी निकलने का रास्ता ही नहीं है।**

## बाढ़ क्यों स्थायी समस्या बन गई है?

**नवाचार**

■ बाबा मायाराम

इन दिनों लगातार बारिश हो रही है। नदी-नाले, ताल—तलैया सभी उफान पर हैं। चारों तरफ पानी ही पानी है। नदियों में बाढ़ से नुकसान की खबरें आ रही हैं। लेकिन यह हर साल की समस्या है, बाढ़ अब मौसमी नहीं, स्थायी समस्या बन गई है, बल्कि लगातार बढ़ रही है। हर साल वही कहानी दोहराई जाती है। आज इस कॉलम में इसी पर बात करना चाहूंगा, जिससे बाढ़ की समस्या को समझा जा सके।

नदियों में पहले भी बाढ़ आती थी। बारिश पूरे चार महीने होती थी। झड़ी लगी रहती थी। लोगों का घरों से निकलना मुश्किल होता था। अब बारिश के दिन कम हो गए हैं। कुछ ही समय में बारिश ज्यादा हो जाती है। पहले जब बाढ़ आती थी, तब वह इतने व्यापक पर कहर नहीं ढाती थी। इसके लिए गांव वाले तैयार रहते थे। बल्कि इसका उन्हें इंतजार रहता था।

खेतों को बाढ़ के साथ आई नई मिट्टी लाती थी, भरपूर पानी लाती थी जिससे प्यासे खेत तर हो जाते थे। पीने के लिए पानी मिल जाता था, भूजल ऊपर आ जाता था, नदी नाले, ताल-तलैया भर जाते थे। समृद्धि आती थी। बाढ़ आती थी, मेहमान की तरह जल्दी ही चली जाती थी।

लेकिन अब वनों की और पेड़ों की कटाई हो गई है। भूक्षरण ज्यादा हो रहा है। पानी को स्पंज की तरह अपने में समोने वाले जंगल कम हो गए हैं। जंगलों के कटान के बाद झाड़ियां और चारे जलावन के लिए काट ली जाती हैं। जंगल और पेड़ बारिश के पानी को रोकते हैं। वह पानी को बहुत देर तो नहीं थाम सकते लेकिन पानी के वेग को कम करते हैं। स्पीड ब्रेकर का काम करते हैं। लेकिन पेड़ नहीं रहेंगे तो बहुत गति से पानी नदियों में आएगा और बरबादी करेगा। और यही हो रहा है।

**पहले नदियों के आसपास पड़ती जमीन होती थी, नदी-नाले होते थे, लम्बे-लम्बे चारागाह होते थे, उनमें पानी थम जाता था। नदियों के अतिरिक्त पानी की ठेल ऐसी जगह होती थी। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे-नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जगहकिसी अन्य गतिविधियों के लिए काम आती है।**

पहले नदियों के आसपास पड़ती जमीन होती थी, नदी-नाले होते थे, लम्बे-लम्बे चारागाह होते थे, उनमें पानी थम जाता था। नदियों के अतिरिक्त पानी की ठेल ऐसी जगह होती थी। बड़ी नदियों का ज्यादा पानी छोटे- नदी नालों में भर जाता था। लेकिन अब उस जगह पर भी या तो खेती होने लगी है या वह जगह किसी अन्य गतिविधियों के लिए काम आती है।

बढ़ता शहरीकरण और कांक्रीट से कांक्रीट निर्माण भी इस समस्या को बढ़ा रहे हैं। बहुमंजिला इमारतें, सड़कों राजमार्गों का जाल बन गया है। नदियों का प्राकृतिक प्रवाह अवरूद्ध हो गए हैं। जहां पानी निकलने का रास्ता नहीं रहता है, वहां दलदलीकरण की समस्या हो जाती है। इससे न केवल फसलों को नुकसान होता है बल्कि कई बीमारियां भी फैलती हैं। जो तटबंध बने हैं, वे टूट-फूट जाते हैं जिससे लोगों को बाढ़ से बाहर निकलने का समय भी नहीं मिलता। इससे जान-माल की हानि होती रहती है।

शहरों व कस्बों की नदियों के आसपास अतिक्रमण हो रहा है, उस पर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं। जब से जमीनों के दाम बढ़े हैं तब से यह सिलसिला बढ़ रहा है। इसी प्रकार वेटलैंड ( जलभूमि) की जमीन पर भी कम हो गई है। इससे पर्यावरणीय और जैव विविधता को खतरा उत्पन्न हो गया है। पक्षी व जल जीवों पर भी इसका प्रभाव पड़ रहा है।

शहरों में तो यह समस्या बड़ी है। पानी निकलने का रास्ता ही नहीं है। सब जगह पक्के कांक्रीट के मकान और सड़कें हैं। जैसे कुछ बरस पहले मुंबई की बाढ़ का किस्सा सामने आया था। वहां की नदी ही गायब हो गई, और जब पानी आया तो शहर जलमग्न हो गया। ऐसी हालत ज्यादातर शहरों की हो जाती है। शहरों की नदियां या तो गटर में तब्दील हो गई हैं, या फिर गायब ही हो गई हैं। शहर अपनी सारी गंदगी इन्हीं नदियों में डाल देता है।

लेकिन बाढ़ के कारण और भी हैं। जैसे नदियों में रेत कम होना। रेत भी पानी को स्पंज की तरह सोखकर रखती है। अगर रेत ही नहीं रहेगी तो पानी कहां रहेगा। इसके अलावा नदियों के किनारे तट लंबे-चौड़े होते थे, जिससे पानी फैल जाता था। उसके आसपास नालों में पानी चला जाता था, जिससे पानी का वेग कम हो जाता था। पानी को ठहरने की जगह मिल जाती थी और नदियों का प्रवाह कम होने से बाढ़ से नुकसान भी कम होता था।

कई बांध व बड़े जलाशयों में नदियों को मोड़ दिया जाता है, उससे नदी ही मर जाती हैं। नदियां बांध दी जाती हैं। निचले हिस्से में लोग समझते हैं, नदी ही नहीं तो वे उसकी जमीन पर खेती करने लगते हैं या कोई और उपयोग, तो जब बारिश ज्यादा होती है तो पानी को निकलने का रास्ता नहीं मिलता। इससे बाढ़ से बरबादी होती है।

इसके अलावा, कई बार बांधों से पानी छोड़ने के कारण भी बाढ़ की समस्या बढ़ जाती है। क्योंकि एकदम से पानी छोड़ने से नदियां उफान पर आ जाती हैं, और बाढ़ आ जाती है। जिन बांधों को कभी बाढ़ नियंत्रण का समाधान बताया जाता था, अब उनके कारण ही कई बार बाढ़ आ जाती है। ऐसी खबरें भी आती रहती हैं।

मौसम बदलाव भी एक कारण है। पहले सावन भादो के महीने में लम्बे समय तक झड़ी लगी रहती थी। कभी-कभी हफ्ते भर बारिश होती थी। सूर्य के दर्शन भी नहीं होते थे। लोग घरों से निकल नहीं पाते थे। घरों में ही रहकर रस्सी बनाने जैसे छोटे-मोटे काम करते थे।

इस तरह, लगातार बारिश का पानी फसलों के लिए और भूजल पुर्नभरण के लिए बहुत उपयोगी होता था। फसलें भी अच्छी होती थी और धरती का पेट भी भरता था। पर अब अब बड़ी-बड़ी बूंदों वाला पानी बरसता है, जिससे कुछ ही समय में बाढ़ आ जाती है। वर्षा के दिन भी कम हो गए हैं।

पहाड़ी नदियों में बाढ़ थोड़ी ही बारिश से आ जाती है। क्योंकि ऊपर पहाड़ यानी चट्टानें होती हैं, जिनमें पानी सरपट दौड़ता है। उसे रूकने व ठहरने का कोई स्थान नहीं मिलता। इससे कई बार जो मछुआरे समुदाय तरबूज-खरबूज की खेती करते हैं। उनकी वह फसल पानी में बह जाती है। इससे उन्हें बहुत नुकसान होता है।

मछुआरों का यह नुकसान इसलिए भी बड़ा होता है, क्योंकि यह मछुआरे समुदाय ज्यादातर भूमिहीन होते हैं, और इस फसल पर उनकी निर्भरता ज्यादा होती है। अगर बाढ़ में यह फसल बह जाती है, तो उन्हें आर्थिक समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

कुल मिलाकर, पानी के परंपरागत ढांचों की भी भारी उपेक्षा हुई है। ताल, तलैया, तालाब, कुएं खेतों में मेड़ बंधान आदि से भी पानी रूकता है। लेकिन इन सबकी उपेक्षा हो रही है। आज कल इन पर ध्यान न देकर भूजल के इस्तेमाल पर जोर दिया जाता है। हमारी बरसों पुरानी परंपराओं में ही आज की बाढ़ जैसी समस्या के समाधान के सूत्र छिपे हैं। अगर ऐसे समन्वित विकल्पों पर काम किया जाए तो न केवल बाढ़ जैसी बड़ी समस्या से निजात पा सकते हैं। बल्कि पर्यावरण और जैव-विविधता और बारिश के पानी का संरक्षण कर सकेंगे। नदियों को भी बचा सकते हैं, और धरती का पुनर्भरण भी कर सकते हैं। क्या हम इस दिशा में आगे बढ़ेंगे?

### बीता सप्ताह

**5 जुलाई**

- उपसेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में तीन दुश्मनों ने लड़ी जंग।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका खारिज की कि मथुरा की शाही ईदगाह मस्जिद विवादित ढांचा नहीं है।
- सब लेफ्टिनेंट आस्था पुनिया बनी नौसेना की पहली महिला फाइटर पायलट।
- रूस ने अफगानिस्तान में तालिबान सरकार को मान्यता दी।

**6 जुलाई**

- पर्यटन, कौशल विकास जैसे क्षेत्रों में बढ़ेगी उप्र-जापान की साझेदारी।
- टेक्सास में बाढ़ से 13 लोगों की जान गई। 20 से अधिक बच्चे हुए लापता।
- राजनीति के इतिहास में 20 साल बाद साथ आए दोनों भाई उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे।
- भगोड़े हीरा व्यापारी पीएनबी बैंक घोटाले के मुख्य आरोपी नीरव मोदी के भाई मेहल मोदी को अमेरिका में गिरफ्तार कर लिया गया।

**7 जुलाई**

- पीएम नरेंद्र मोदी चार दिवसीय यात्रा पर ब्राजील पहुंचे।
- एलन मस्क ने अमेरिका में अमेरिका पार्टी नाम से बनाया नया दल।
- पूर्व मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ द्वारा सरकारी बंगला अभी तक खाली नहीं करने पर सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र को नोटिस दिया।
- विश्व मुक्केबाजी कम युवा साक्षी ने भारत के लिए जीता स्वर्ण पदक।

**8 जुलाई**

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने जस्टिस वर्मा केस मामले में कहा कि जस्टिस यशवंत वर्मा पर नोटों बंडल निकलने को लेकर तुरंत एफआईआर की जरूरत है।
- पीएम मोदी ने ब्रिक्स समूह को नया आयाम देते हुए कहा कि ब्रिक्स देश घनिष्ठ सहयोग जारी रखेंगे।
- छग में आईएएस यशवंत कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी बनाए गए।
- छग में कांग्रेसाध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी सरकार जल, जंगल, जमीन सब अडानी को सौंप रहीं है।

**9 जुलाई**

- इजरायल सरकार ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया।
- पीएम मोदी ब्रिक्स सम्मेलन में शामिल होने के बाद ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पहुंचे।
- स्विटजरलैंड में बच्चों के लिए मलेरिया की नई दवा कोर्टेम बेबी को दी गई मंजूरी।
- 20 सालों में बच्चों पर सबसे बड़ा अध्ययन में पता चला कि अमेरिका में बच्चों की सेहत सबसे ज्यादा बिगड़ रही।

**10 जुलाई**

- पीएम नरेंद्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक का सम्मान 'आर्डर ऑफ द मोस्ट एन्शिएंट बेल्विशिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया।
- वायुसेना का एक जगुआर लड़ाकू विमान दुर्घटना ग्रस्त हो गया। दोनों पायलट की मौत।
- इसरो ने गगनयान मिशन के इंजन का सफल हॉट टेस्ट किया।
- राहुल गांधी ने पटना में कहा कि सरकार बिहार में वोट चुराने की कोशिश कर रही है।

**11 जुलाई**

- बिहार में वोटर वेरिफिकेशन पर रोक से सुप्रीम कोर्ट ने किया इंकार। और ुझाव दिया कि आधार, राशन कार्ड को ीाी पहचान पत्र माना जाए।

## मज़दूरों की अखिल भारतीय हड़ताल की बड़ी सफलता एक चेतावनी

■ पी. सुधीर

9 जुलाई को ऐतिहासिक हड़ताल में करोड़ों मेहनतकश लोग सड़कों पर उतर आये। पहले से तय इस हड़ताल को पहलगाम में निर्दोष नागरिक पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण हमले के बाद लगभग डेढ़ महीने के लिए स्थगित करना पड़ा था। फिर भी, लोगों पर थोपी गयी मज़दूर-विरोधी नीतियों के खिलाफ़ प्रतिरोध की भावना अडिग रही।

मोदी सरकार की नीतियों के खिलाफ संघर्ष को तब और बल मिला जब सरकार ने तीन प्रमुख श्रम संहिताओं- औद्योगिक संबंध ( आईआर) संहिता; व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य और कार्य परिस्थितियां ( ओएसएच) संहिता; और सामाजिक सुरक्षा संहिता – को पारित किया। वेतन संहिता, 2019 के साथ, ये चार संहिताएं-44 मौजूदा श्रम कानूनों को समेकित और प्रतिस्थापित करती हैं। ये संहिताएं श्रमिकों के जीवन के महत्वपूर्ण पहलुओं- वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल सुरक्षा एवं कल्याण- से संबंधित हैं। संक्षेप में, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा संचालित कॉर्पोरेट-सांप्रदायिक गठजोड़ के एजंडे को आगे बढ़ाने के लिए श्रमिक वर्ग के कठिन परिश्रम से प्राप्त अधिकारों को व्यवस्थित रूप से समाप्त किया जा रहा है।

**मेहनतकश लोगों द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प, अपने कॉर्पोरेट प्रायोजकों और विदेशी सहयोगियों को खुश करने के लिए बेताब सरकार के लिए एक स्पष्टचेतावनी है। सरकार मेहनतकश लोगों की मांगों को स्वीकार करती है या नहीं, यह उन पर निर्भर है। लेकिन एक बात तय है: कोई पीछे नहीं हटेगा। यह लड़ाई और भी बढ़ेगी- और भी मजबूत लहरों तथा और भी व्यापक एकता के साथ - जो इसे आगे ले जायेगी।**

9 जुलाई की हड़ताल का उद्देश्य इस हमले का प्रतिरोध करना था। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस हड़ताल को न केवल देश भर के सभी प्रमुख ट्रेड यूनियनों और औद्योगिक महासंघों का समर्थन प्राप्त था, बल्कि सभी प्रकार के श्रमिकों का भी समर्थन प्राप्त था। निर्माण क्षेत्र जैसे असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों से लेकर वित्तीय क्षेत्र के कर्मचारियों, गिग श्रमिकों और प्रवासी श्रमिकों तक – सभी ने एक स्वर में अपनी आवाज़ उठायी।

किसानों के सबसे व्यापक मंच- संयुक्त किसान मोर्चा ( एसकेएम) का सक्रिय समर्थन और भागीदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण थी। चार श्रम संहिताओं को निरस्त करने की मांग का समर्थन करने के साथ-साथ, किसान संगठनों ने गहराते कृषि संकट को उजागर किया और न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी) की कानूनी गारंटी की लंबे समय से लंबित मांग को उठाया। कृषि श्रमिक संघों ने ग्रामीण रोज़गार और मनरेगा योजना के लगातार क्षरण पर गंभीर चिंताएं जतायीं।

मज़दूरों, किसानों और खेतिहर मज़दूरों का यह एकजुट होना एक ऐतिहासिक क्षण है – शायद पहली बार इतनी व्यापक एकता उभरी है। यह आजीविका के व्यापक और गहराते संकट को दर्शाता है जिसका सामना देश के अधिकांश मेहनतकश लोग अब कर रहे हैं।

एक तरह से, यह अब केवल आजीविका का संकट नहीं रहा, बल्कि अस्तित्व की लड़ाई बन गयी है। 9 जुलाई की कार्रवाई की तीव्रता प्रस्तावित श्रम संहिताओं द्वारा उत्पन्न व्यापक खतरे से उपजी थी, जो लगभग सभी नियामक ढांचों को ध्वस्त करके और मज़दूरों के लिए बची-खुची कानूनी सुरक्षा को भी छीनकर कॉर्पोरेट्स को पूरी तरह से खुली छूट देने का संकेत देती हैं। यह बेहद विडंबनापूर्ण है कि सरकार ने इन संहिताओं को मज़दूर-समर्थक पहल के रूप में आगे बढ़ाने की कोशिश की है।

सत्ता प्रतिष्ठान की बहादुरी के बावजूद, यह बात तेज़ी से साफ़ होती जा रही है कि सरकार अपने इस पाखंड के बढ़ते सार्वजनिक प्रदर्शन से वाकिफ़ है। काम की स्थितियां इतनी ज़्यादा और इतनी बुरी तरह बिगड़ चुकी हैं कि अब उन्हें नकारा नहीं जा सकता। मेहनतकश जनता की बदतर होती स्थिति के दो प्रमुख कारण हैं- बढ़ती बेरोज़गारी और असमानता में तेज़ वृद्धि।

यहां तक कि 31 जनवरी, 2025 को संसद में पेश किये गये आर्थिक सर्वेक्षण 2024 को भी इस सच्चाई को स्वीकार करना पड़ा। इसमें कहा गया है कि सकल मूल्य वर्धन ( जीवीए) में श्रम की हिस्सेदारी में मामूली वृद्धि हुई है, लेकिन कॉर्पोरेट मुनाफ़े में असमान रूप से वृद्धि हुई है – खासकर बड़ी कंपनियों में – जो आय असमानता की बढ़ती खाई को रेखांकित करता है।

सरकार ने जहां मज़दूरों और अन्य मेहनतकश तबकों के अधिकारों पर व्यापक हमला किया, वहीं दूसरी ओर उसने कॉर्पोरेट्स को 1.45 लाख करोड़ रुपये का अभूतपूर्व तोहफ़ा भी दिया, जो शिक्षा और स्वास्थ्य के लिए कुल बजट आवंटन से भी ज़्यादा है। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण ( एनएफएचएस) में भयावह सामाजिक स्थितियां स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती हैं, और कुछ अर्थशास्त्रियों ने तो यहां तक कहा है कि आज भारत में असमानता ब्रिटिश शासन के दौरान देखी गयी असमानता से भी अधिक है।

इसके विपरीत, कॉर्पोरेट अभिजात वर्ग की संपत्ति में नाटकीय वृद्धि देखी गयी है। 2014 में 100 करोड़ रुपये से अधिक आय वाले अरबपतियों की संख्या 100 थी; अब यह आंकड़ा दोगुना होकर 200 हो गया है। शीर्ष 100 अरबपतियों की संयुक्त संपत्ति 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर ( 10 खरब रुपये से अधिक) को पार कर गयी है। धन का यह अत्यधिक संचय, बहुसंख्यक कामकाजी लोगों की वास्तविक आय में भारी गिरावट के साथ-साथ चला है। यह गहरा अन्याय है, जो हर सांस और पसीने की बूंद में महसूस किया जाता है, जिसकी अभिव्यक्ति 9 जुलाई को हुए जन आंदोलन में हुई।

श्रम संहिताएं अनिवार्य रूप से 'श्रम बाजार लचीलेपन' की बहुप्रचारित अवधारणा को संस्थागत रूप देने का काम करती हैं- एक अवधारणा जो पहली बार भाजपा के 2009 के चुनाव घोषणापत्र में सामने आयी थी। हकीकत में, यह क्रूर जब मन हो 'नौकरी दो और निकाल दो' व्यवस्था के लिए एक व्यंजना से अधिक कुछ नहीं है, जो वर्तमान में न्यूनतम सुरक्षा को भी समाप्त करने में सक्षम है।

श्रम के व्यापक ठेकाकरण के कारण, केवल लगभग 4 प्रतिशत कार्यबल ही आउटसोर्सिंग के दायरे और शोषणकारी 'स्वेटशॉप' वातावरण से बाहर रह गया है। श्रम संहिताओं का ज़ोर कार्यबल के इस छोटे से हिस्से के भी ट्रेड यूनियन अधिकारों को और कमज़ोर करने पर है। यह वित्त-संचालित नवउदारवादी आर्थिक प्रतिमान के अनुरूप है, जिसकी विशिष्ट विशेषता ट्रेड यूनियनों और उनके सामूहिक सौदेबाजी के अधिकारों का विघटन रही है।

सरकार के दावे इतने हास्यास्पद हो गये हैं कि अब वह भारत को दुनिया की चौथी सबसे समान अर्थव्यवस्था घोषित करने के लिए संदिग्ध शोध का हवाला दे रही है, जो एक स्पष्ट रूप से बेतुका दावा है। ऐसा करते हुए, वह आय के आंकड़ों की जगह व्यय के आंकड़ों को पेश कर रही है, जो जितना विचित्र है उतना ही बेईमान भी है।

9 जुलाई को मेहनतकश लोगों द्वारा प्रदर्शित साहस और दृढ़ संकल्प, अपने कॉर्पोरेट प्रायोजकों और विदेशी सहयोगियों को खुश करने के लिए बेताब सरकार के लिए एक स्पष्ट चेतावनी है। सरकार मेहनतकश लोगों की मांगों को स्वीकार करती है या नहीं, यह उन पर निर्भर है। लेकिन एक बात तय है- कोई पीछे नहीं हटेगा। यह लड़ाई और भी बढ़ेगी- और भी मजबूत लहरों तथा और भी व्यापक एकता के साथ – जो इसे आगे ले जायेगी।

## महाराष्ट्र : एक बार फिर से दहाड़ रहा है बाघ

बालासाहेब केशव ठाकरे द्वारा 1966 में शिवसेना की स्थापना के बाद से लगभग छह दशकों तक उनकी पार्टी एक ऐसे राज्य में राजनीति की केंद्र रही है जो पारम्परिक रूप से कांग्रेस शासित था। पश्चिमी महाराष्ट्र के शक्कर क्षत्रपों का राज्य पर नियंत्रण था। दहाड़ता बाघ शिवसेना का पर्याय बन गया था। शिवसेना जल्द ही 'मराठी मानुष' के लिए नौकरियों की तलाश करने वाले एक सामाजिक संगठन से हिंदू हितों की हिमायत करने वाली राजनीतिक पार्टी में बदल गई। एक क्षेत्रीय संगठन से साम्प्रदायिक संगठन में बदलाव, सड़क से राज्य स्तर की पार्टी बनने की प्रक्रिया इसके संस्थापक की लोकप्रियता के आसपास घूम रही थी। शिवसेना को 1989 में धनुष-बाण चुनाव चिह्न प्रदान किया गया और शिवसेना पूरे राज्य और महाराष्ट्र से बाहर भी पहचानी जाने लगी लेकिन जैसे-जैसे वह विभाजित और बंटती चली गयी, उसका दबदबा लगातार घटता गया। चुनाव आयोग ने फरवरी, 2023 में शिवसेना के एक गुट को पार्टी का चुनाव चिन्ह प्रदान किया और बाघ की दहाड़ कम हो गयी। अलग होने के दो दशक बाद अब बाल ठाकरे के बेटे उद्धव ठाकरे और भतीजे राज ठाकरे फिर से मिल गए हैं। 2005 के बाद से 5 जुलाई 2025 को वर्ली में आयोजित एक संयुक्त रैली उनका पहला साझा मंच था। 'आवाज मराठीचा' या 'मराठी की आवाज' रैली का आयोजन प्राथमिक स्कूलों में हिंदी को अनिवार्य बनाने के महाराष्ट्र सरकार के प्रस्ताव के विरोध में किया गया था।



लेखा रत्तनानी

**चचेरे भाइयों के एक साथ आने के कई फायदे हैं लेकिन यह देखने की आवश्यकता होगी कि मराठी का हालिया मुद्दा उन्हें किस मोड़ पर ले जाएगा। वर्षों से राज्य में रहने के बावजूद मराठी नहीं बोलने वाले गैर-महाराष्ट्रियों को आतंकित करने और धमकी देने के कई मामलों में मनसे कार्यकर्ता शामिल रहे हैं। भाषा पर गर्व होने से निकाय चुनावों के लिए अभियान को गति देने में उन्हें मदद मिल सकती है।**

त्रिभाषा फॉर्मूले को हिंदी थोपने के रूप में देखा जाता है। इस फार्मूले का दक्षिणी राज्यों में विरोध हो रहा है। तमिलनाडु में हिंदी का सबसे कड़ा विरोध हो रहा है। वहां इसे राज्य की भाषाई पहचान को कमजोर करने और केंद्र सरकार के सांस्कृतिक प्रभुत्व के प्रयास को आगे बढ़ाने के प्रयास के रूप में देखा जाता है। महाराष्ट्र में इसने ठाकरे बन्धुओं को उस जमीन को पुन: प्राप्त करने के लिए एक अवसर प्रदान किया जिसे वे लगातार खो रहे थे। अपनी प्रासंगिकता को पुन: प्राप्त करने के लिए उन्होंने अब मराठी पहचान के एक शक्तिशाली आख्यान को पुनर्जीवित किया है।

राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना ( मनसे) लंबे समय तक सक्रिय रहने के बाद भी कुछ खास राजनीतिक प्रगति नहीं कर पाई है। 2024 के चुनावों में मनसे 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में एक भी सीट नहीं जीत पाई जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना ( यूबीटी) केवल 20 सीटें ही जीत सकी। बाल ठाकरे के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती शिवसेना में खतरे, भय और करिश्मे के मिश्रण ने कैडर और समर्थकों दोनों को कंट्रोल में रखा। राज ठाकरे ने हमेशा मसल पॉवर और गरज के साथ पार्टी का नेतृत्व किया। उन्होंने पार्टी की छात्र शाखा भारतीय विद्यार्थी सेना का गठन किया और बाद में 1990 के विधानसभा चुनावों में शिवसेना उम्मीदवारों के लिए राज्य भर में प्रचार अभियान शुरू किया। उन्हें अपने चाचा के उत्तराधिकारी के रूप में देखा गया। शैली, ढंग और वाणी में वे बाल ठाकरे के करीब थे। जब विरासत की जिम्मेदारी बाल ठाकरे के बेटे और उनके चचेरे भाई उद्धव के पास गई तो वे वहां से हट गए।

भाजपा ने उद्धव के साथ साझा नेतृत्व का वादा किया था लेकिन यह वादा निभाया नहीं। नाराज उद्धव ने भाजपा पर विश्वासघात का आरोप लगाने के बाद 2019 में राज्य पर शासन करने के लिए कांग्रेस और शरद पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( राकांपा) के साथ गठबंधन किया। भाजपा ने शिवसेना को तोड़कर राज्य में सत्तारूढ़ शिवसेना से अलग हुए एक धड़े के नेता एकनाथ शिंदे के साथ गठबंधन किया। इसके बाद वे एनसीपी को विभाजित करने के लिए आगे बढ़े। शरद पवार के भतीजे अजित पवार के नेतृत्व वाला एक अलग एनसीपी गुट अब भाजपा के नेतृत्व वाले महायुति या महागठबंधन का हिस्सा है जो महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ गठबंधन है।

चचेरे भाईयों का मुख्य उद्देश्य भाजपा को चुनौती देना और फिर से जमीन हासिल करना है क्योंकि दोनों भाईयों की निकाय चुनावों पर नजर है। इनके लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण वृहद मुंबई नगर निगम के चुनाव हैं जो एशिया में सबसे अमीर नागरिक निकाय है और कई भारतीय राज्यों से इसका वार्षिक बजट बड़ा है। 2025-26 के लिए इसका बजट 74, 400 करोड़ रुपये से अधिक है। इस समय भाजपा 132 सीटों के साथ राज्य में मुख्य पार्टी है। आगामी निकाय चुनाव दिखाएंगे कि क्या भाजपा अपना यह रुतबा कायम रख सकती है। शिवसेना से अलग हुई पार्टी के प्रमुख एकनाथ शिंदे ठाकरे की राज्य विधानसभा में 52 सीटें हैं। शिंदे ही ठाकरे परिवार के पुनर्मिलन के नए घटनाक्रम के मद्देनजर सबसे ज्यादा नुकसान उठाने वाले नेता हैं। खुद को बाल ठाकरे के असली उत्तराधिकारी के रूप में पेश करने वाले शिंदे की शिवसेना सुप्रीमो के बेटे और भतीजे के सामने कोई हैसियत नहीं रह जाएगी। चचेरे भाइयों के एक साथ आने के कई फायदे हैं लेकिन यह देखने की आवश्यकता होगी कि मराठी का हालिया मुद्दा उन्हें किस मोड़ पर ले जाएगा। वर्षों से राज्य में रहने के बावजूद मराठी नहीं बोलने वाले गैर-महाराष्ट्रियों को आतंकित करने और धमकी देने के कई मामलों में मनसे कार्यकर्ता शामिल रहे हैं । भाषा पर गर्व होने से निकाय चुनावों के लिए अभियान को गति देने में उन्हें मदद मिल सकती है लेकिन यदि वे ताकत की राजनीति अपनाते हैं तो यह नीति गैर-मराठी मतदाताओं की पर्याप्त संख्या को अलग-थलग कर सकती है। मनसे कैडर ने अतीत में बिहार और उत्तर प्रदेश के प्रवासियों पर हमले किये हैं एवं उन पर स्थानीय लोगों की नौकरियां छीनने का आरोप लगाया है।

नया गठबंधन महाराष्ट्र की राजनीतिक कहानी में एक मोड़ जोड़ रहा है लेकिन इस जोड़ी में अस्थिरता तथा मतभेद हैं जो दोनों के बीच दीर्घकालिक जुड़ाव के बारे में संदेह पैदा करते हैं। उद्धव ठाकरे अपनी सौम्य और शांत कार्यशैली के साथ विपक्ष में अपने नए सहयोगियों के साथ तालमेल बिठाने में अधिक सफल रहे हैं जबकि राज ठाकरे की दहाड़ जारी है और उनके कैडर ने मुंबई में प्रवासियों को अलग-थलग करने का जोखिम उठाया है। मुंबई में काम करने वालों में प्रवासियों का बड़ा हिस्सा है। अनुमान कम-ज्यादा हो सकते हैं लेकिन 2011 की जनगणना के अनुसार मुंबई की आबादी में प्रवासियों की संख्या 43 प्रतिशत से अधिक थी। इसमें उत्तर प्रदेश के प्रवासियों की संख्या लगभग 41 प्रतिशत थी। पिछले कुछ वर्षों में, विशेष रूप से 2019 के विधानसभा चुनावों के बाद से महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी दोनों के टूटने के साथ बहुत सारे राजनीतिक उतार-चढ़ाव देखे गए हैं। परिवर्तनों की तेज रफ्तार तथा बड़ी संख्या ने मतदाता को भ्रमित किया है कि कौन किसके साथ है? क्या ठाकरे गठबंधन इस अस्थिर परिदृश्य में कुछ बदलाव ला सकता है? यह इस बात पर निर्भर करता है कि क्या वे कामकाज की दो अलग-अलग शैलियों में समन्वय बिठा सकते हैं ।कह नहीं सकते कि बाल ठाकरे के वर्षों के जादू को फिर से कायम करने में दोनों चचेरे भाई सक्षम होंगे या उसके कुछ करीब तक पहुंच सकते हैं अथवा नहीं।

*( लेखक द बिलियन प्रेस की प्रबंध संपादक हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस )*

# अब तक हुई दो-गुनी बारिश, आंकड़ा 20 इंच के पार

## रात को गरज-चमक के बीच झमाझम बारिश



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में मौसम की झमाझम बारिश ने इस बार सभी को राहत महसूस कराई। जबलपुर भी इससे अछूता नही है। यहां पर बीते साल की अपेक्षा इस बार बारिश का आंकड़ा दोगुना है। मौसम विभाग से मिले आंकड़े ने स्थिति को स्पष्ट किया। हालाकि शुक्रवार को समाचार लिखे जाने तक जबलपुर और आस-पास कभी तेज तो कभी बूंदा-बांदी हो रही थी। इस बीच रात के नौ बजते तक गरज चमक के बीच शहर में जोरदार बारिश हुई, इससे कई जगह पानी भी भर गया। आज शनिवार के लिये भी जिले में कहीं -कहीं पर भारी से अति भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी किया गया है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 11 जुलाई को शाम पांच बजकर तीस मिनट तक जबलपुर में 503 एमएम जो इंच में लगभग बीस इंच दर्ज की गई है। आंकड़ा बढ़ने की उम्मीद है। बीते साल 238.4 मिली मीटर बारिश हुई थी। वहीं शुक्रवार को अधिकतम तापमान 27.8 जो सामान्य से 4 डिग्री कम एवं न्यूनतम तापमान 22.5 समाान्य से 2 डिग्री कम आंका गया। जिस तरह बारिश हो रही है उससे कृषि हल्कों में राहत देखी गई, यहां मौसम की अगल फसल की बौआई की तैयारी जोर शोर से चल रही है।

**बरगी बांध के बारह गेट बंद**-दूसरी तरफ अब नर्मदा के घाटों में घटने लगा है, क्योंकि पड़ौसी जिले मंडला, डिंडौरी में बारिश पर थोड़ा विराम लगा है। जिसका सीधा प्रभाव बरगी बांध जलाशय पर पड़ता है। यहां से अभी 17 गेट से पानी छोड़ा जा रहा था, अब दो मीटर औसत उंचाई तक पांच गेट से 40 हजार क्यूसेक पानी छोडा जा रहा है।

बांध का जल स्तर घटकर 416.50 मीटर हो गया। अभी नर्मदा के गौराघाट इत्यादि में पानी कम होता दिख रहा है। इसके पहले दस से पंद्रह फीट पानी बढ़ गया था। अब श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली।

# आयुक्त ने आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय और सामुदायिक केन्द्र का किया निरीक्षण

**जबलपुर,देशबन्धु।** कमिश्नर जबलपुर संभाग धनंजय सिंह ने जिले में भ्रमण कर देवरी- राजमार्ग में आंगनबाड़ी केन्द्र, प्राथमिक शाला, पं. उमाशंकर शर्मा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजमार्ग- देवरी का निरीक्षण किया।

कमिश्नर सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों की उपस्थिति के संबंध में जानकारी ली और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने बच्चों को नियमित रूप से नाश्ता, मध्यान्ह भोजन प्रदान करने तथा उनका नियमित रूप से वजन, ऊंचाई एवं टीकाकरण करने के निर्देश दिये। भ्रमण के दौरान कमिश्नर श्री सिंह ने प्राथमिक शाला देवरी- राजमार्ग और पं. उमाशंकर शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवरी- राजमार्ग का भी निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के लिए प्राचार्य को निर्देशित किया। विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों की समुचित व्यवस्थाओं हेतु निर्देश दिये।

कमिश्नर श्री सिंह ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजमार्ग का निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में उपस्थित मरीजों से चर्चा कर उपचार व्यवस्थाओं की जानकारी ली। बरसात के मौसम में मौसमी बीमारियां की रोकथाम एवं समुचित उपचार की व्यवस्थाओं के लिए स्वास्थ्य विभाग को अपने क्षेत्रों में निगरानी बनाए रखने एवं आवश्यक उपाय करने के निर्देश दिये।

कमिश्नर श्री सिंह ने आंगनबाड़ी केन्द्र, विद्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिये कि वे शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही न बरतें।



# पमरे जीएम ने संरक्षा की समीक्षा बैठक की

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की अध्यक्षता में को-आर्डिनेशन रिव्यु मीटिंग सम्पन्न हुई. इस बैठक में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री एवं प्रमुख मुख्य संरक्षा अधिकारी प्रवीन खोराना, प्रमुख मुख्य यांत्रिकी इंजीनियर एम विजय कुमार, प्रमुख मुख्य दूरसंचार एवं संकेत इंजीनियर एकनाथ मोहकर, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक कुशाल सिंह, प्रमुख मुख्य इंजीनियर आशुतोष, प्रधान वित्त सलाहकार मनजीत कौर, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी एस डी पाटीदार, प्रमुख मुख्य इलेक्ट्रिकल इंजीनियर मुकेश, प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक मनोज कुमार गुप्ता, प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त राजीव कुमार यादव, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) एम, एस हाशमी सहित मुख्यालय के अन्य विभाग के प्रमुख मुख्य विभागाध्यक्ष भी उपस्थित थे। इसके आलावा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा के मंडल रेल प्रबंधक भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से जुड़े रहे।

# विश्व जनसंख्या दिवस पर संगोष्ठी व प्रश्न मंच स्पर्धा



**जबलपुर, देशबन्धु।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के नगर स्थित केंद्रीय संचार ब्यूरो (सी बी सी), क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा स्वास्थ्य विभाग की सक्रिय भागीदारी से ग्राम आमाहिनोता के स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्र में विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर महिलाओं को लेकर संगोष्ठी व प्रश्न मंच स्पर्धा का आयोजन किया गया, इस अवसर पर सी एच ओ सुमन रजक, स्वास्थ्य सुपरवाइजर अरविन्द जैन, एएनएम सुशीला पटेल, एम पी डब्लू संकल्प साहू, बल्देव पटेल, आशा कार्यकर्ता वंदना पटेल सहित ग्राम की अनेक महिलाओं की उपस्थिति रही। सर्वप्रथम सी बी सी के प्रभारी एस के चौकसे ने कार्यक्रम का उद्देश्य बताकर सभी का स्वागत करते हुए कहा कि हमारे देश की आबादी 146 करोड़ से भी अधिक हो गई है, सबसे बड़ी आबादी सबसे बड़ी चुनौती है। शहरीकरण, बेरोज़गारी और पर्यावरण जैसी चुनौतियां हमारे बीच हैं।

# वी-मित्र ऐप का बिजली उपभोक्ता कर रहे हैं बेहतर उपयोग

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा लॉन्च किए गए वी मित्र मोबाइल एप को लोगों का शानदार सहयोग मिल रहा है। इस ऐप के माध्यम से आम नागरिक बिजली के गलत उपयोग की सूचना देकर इनाम पा रहे हैं। अब तक 49 नागरिकों ने वी मित्र ऐप का उपयोग करते हुए बिजली के गलत उपयोग की सटीक जानकारी कंपनी को दी है, जिसके बदले उन्हें कुल रू. 21,305 /- का इनाम वितरित किया गया है, जो कि कंपनी ने उनके बैंक खाते में ऑनलाइन ट्रांसफार किए गए है। जिसमें रू. 10/- लेकर 1000 /- तक इनाम सूचना देने वालो ने प्राप्त किए है जिनमें जबलपुर जिले के 12, सिंगरौली के 09, छिंदवाड़ा के 07, शहडोल के 04, छतरपुर, मंडला, सतना, टीकमगढ़ के 02 - 02 तथा बालाघाट, नरसिंहपुर, सिवनी, उमरिया से 01 - 01 सूचना प्रदाता को इनाम की राशि प्राप्त हुई है।

21000 से अधिक लोगों ने वी मित्र को डाउनलोड किया है, इस ऐप को उपभोक्ता गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं। साथ ही कंपनी की वेबसाइट से भी इस ऐप को डाउनलोड करने की सुविधा है। वी मित्र ऐप के माध्यम से जनता अब स्वयं बिजली चोरी, मीटर में छेड़छाड़, अवैद्य विद्युत कनेक्शन, गलत मीटर रीडिंग्स, अवैध पावर एक्सटेंशन, एक ही स्थान पर एक से अधिक बिजली कनेक्शन की जानकारी ले रहे हैं।

# सदर बंद, कंेट कार्यालय और सीईओ के निवास के घेराव का ऐलान

**जबलपुर, देशबन्धु।** धार्मिक और विभिन्न तरह के सार्वजनिक आयोजनों में छावनी परिषद के शुल्क को लेकर क्षेत्र में भारी नाराजगी है। बोर्ड प्रशासन को चेतावनी दी गई है कि सोमवार तक लिखित में शुल्क घटाने का निर्णय नहीं होने पर क्रमबद्ध तरीके से प्रदर्शन किये जाएंगे।

कैंट बोर्ड द्वारा जहां शिवाजी ग्राउंड में होते आ रहे धार्मिक आयोजन रामलीला पर 50000 हजार दिन का एवं दंगल पर 3000 प्रतिदिन का शुल्क लगा दिया, इसके बाद श्री राम भक्तों के दबाव एवं मीडिया के सहयोग के कारण 5100 रामलीला समिति का एवं 3000 प्रतिदिन दंगल का कर दिया जबकि 150 वर्षों से अधिक से होते आ रहे हैं। यहां पर कार्यक्रम निशुल्क होते थे लेकिन



**मामला धार्मिक-सार्वजनिक आयोजनों पर अत्याधिक शुल्क लगाने का**

कैंटोनमेंट बोर्ड के तानाशाही पूर्ण आदेश पूरे सदर बाजार की धर्मप्रेमी जनता में आक्रोश व्याप्त है। इसी को लेकर शुक्रवार को श्री धनुष यज्ञ रामलीला मैदान सदर में एक बड़ी बैठक हुई, जिसमें सभी राजनीतिक दल, धार्मिक संगठन कार्यकर्ता, दुर्गा उत्सव गणेश उत्सव सदर बाजार एवं सामाजिक समितियों के कार्यकर्ता मौजूद थे। सोमवार तक निर्णय नहीं होता है तो पूरे श्रद्धालुओं के आव्हान पर सदर बाजार बंद एवं कैंट बोर्ड कार्यालय का घेराव किया जायेगा। वहीं शाम 5: 00 बजे से रात्रि कालीन सुबह तक सीईओ के घर के सामने हल्ला बोल आंदोलन किया जायेगा।

**यह रहे मौजूद**- इस अवसर पर जगद्गुरु राजा रामाचार्य, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आलोक मिश्रा, मुन्ना चंसोरिया, बजरंग दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कन्हैया तिवारी विश्व हिंदू परिषद के रोहित हवेल, रोहित ठाकुर, मां सीता प्रसाद रोटी ग्रुप के विजय यादव भाजपा विधायक प्रतिनिधि संजय जैन, संजय वर्मा, संजय कपूर आदि मौजूद थे।

# कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शनः 25 साल पहले बनी मॉडल सड़क का पूजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में सड़कों की हालत बदहाल है, गड्ढों में सड़कें गायब हैं और लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं - वहीं जबलपुर के तीन पत्ती चौक की 25 साल पुरानी सड़क अब भी चमचमा रही है। यह सड़क किसी चमत्कार से नहीं, बल्कि कांग्रेस सरकार की दूरदर्शिता, गुणवत्ता और जनसेवा की भावना का परिणाम है। इसी ऐतिहासिक और सशक्त निर्माण की याद में शुक्रवार को शहर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा सड़क पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

यह वही सड़क है जिसका निर्माण तत्कालीन कांग्रेस महापौर स्वर्गीय विश्वनाथ दुबे जी ने 25 वर्ष पूर्व कराया था। वर्षों बीत जाने के बावजूद सड़क आज भी न केवल सुरक्षित और मजबूत है, बल्कि चमकती हुई विकास की मिसाल पेश कर रही है।

सौरभ शर्मा ने यह भी कहा कि आने वाले समय में कांग्रेस इसी तरह भाजपा की नाकामी और भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज़ बुलंद करती रहेगी।

इस मौके पर श्री शर्मा के साथ कमलेश यादव, सतीश तिवारी,अयोध्या तिवारी, संतोष पंडा, वकील अंसारी, कलीम खान, राकेश पांडे,प्रमोद पटेल, मुकेश राठौर, राजेश सोनकर,विवेक अवस्थी, प्रशांत मिश्रा ,नरेंद्र पांधे,,अनुराग गढ़वाल, अभिषेक यादव,मदन लारिया,प्रवेंद्र चौहान, भावना निगम, देवकी पटेल, अरुण पवार, मनोज नामदेव, पी.पी.पटेल, पूनम सोनकर, निर्मल चंद, जग्गू विश्वकर्मा,रितेश नोतनानी, रविन्द्र गौतम,भरत पटेल, राहुल कोरी, अभिषेक पाठक, रंबल विश्वकर्मा, उमेश पटेल, महेश मिश्रा, विष्णु विनोदिया, रिजवान अली, अमित सोनकर, सागर शुक्ला ,इमरान हुसैन, राजकुमार सोनी, दिलीप साहू, राजेंद्र जायसवाल मौजूद थे।

# नव निर्मित खस्ताहाल सड़क पर नेता प्रतिपक्ष की अगुवाई में प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** नेता प्रतिपक्ष अमरीश, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी एवं सचेतक अयोध्या तिवारी ने जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान नगर भाजपा की सत्ता है, शहर में निर्माण कार्य या तो रूके हुये हैं और जो निर्माण कार्य किये गये हैं उनकी गुणवत्ता इतनी खराब कि 2-3 साल चलने वाली सड़क कुछ ही दिनों में खस्ताहाल हो रही है। इसी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस पार्षद दल एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हाल ही में 1 माह पूर्व बनी मालगोदाम चैराहे से तहसीली कार्यालय तक की डामल की नव निर्मित सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल हो गई है, पर प्रदर्शन किया गया। तहसीली चौक से मालगोदाम चौराहे तक पैदल मार्च करते हुये तख्ती पर नगर सरकार के खिलाफ स्लोगन लिखे हुये थे।

**इनकी रही मौजूदगी**- प्रदर्शन में पूर्व नगर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव, नेता प्रतिपक्ष मिश्रा, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी, सचेतक अयोध्या तिवारी, झल्लेलाल जैन,श्रीमती अरूणा संजय साहू, संतोष दुबे पंडा, गुलाम हुसैन, वकील अहमद अंसारी, श्रीमती एकता राहुल गुप्ता, प्रमोद पटैल, कलीम खान, राकेश पाण्डे, विधायक प्रतिनिधि संजय अहिरवार, अभिषेक चंदेल, पूर्व पार्षद इस्तयाक अहमद अंसारी, रवि सैलानी, सोनू सोनकर, अमित सोनकर, नितिन चितकर, पवन मोगरे, विकास संतू, सुनील मार्वे, मकसूद अंसारी, राजेश दीवान, रिजवान अली कोटी, जानू यादव एवं क्षेत्रीय जनता उपस्थित रहे।




FARNAZ

J.B.F.A.
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 98
मुर्गा मीडियम - रु. 90
मुर्गा बड़ा - रु. 74
मुर्गा जम्बो - रु. 74
मो.-9039925000, 9425800409

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 70
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 86
छोटा ब्रॉयलर - रु. 94
मोबाइल नं. 9300692405

श्रीजानकीरमण कला, वाणिज्य एवं फॉर्मेसी महाविद्यालय
म.प्र. शासन से मान्यता व अनुदान प्राप्त और रानीदुर्गावती वि.वि. एवं फॉर्मेसी काउंसिल से संबद्धता प्राप्त महाविद्यालय
प्रवेश प्रारंभ
B.A. B.Com B.Pharma D.Pharma
बल्देवबाग के पास, आगा चौक, जबलपुर मो: 9243447119, 7869474006

सीधे 10 वीं/12 वीं/कॉलेज के फार्म भरें
प्रवेश प्रारंभ
A Name of Quality Education
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
ESTD- 2004
अधारताल/गोहलपुर, जबलपुर
9 वीं/11 वीं फेल/पास सीधे 10 वीं/12 वीं करें।
12 वीं पास बी.ए./बी.कॉम./बी.एस.सी./बी.बी.ए./डी.एड./आई.टी.आई./कॉलेज/एन.टी.टी. जैसे कोर्स करें।
ग्रेजुएट छात्र-छात्रा बी.एड./बी.लिब./डी.फार्मा./बी.फार्मा./ जैसे रोजगारोन्मुखी कोर्स कम्प्यूटर कोर्स के रेग्यूलर/प्राइवेट फार्म भरें।
स्टेट बैंक के पास, अधारताल तिराहा, जबलपुर
मो: 9303580611, 0761- 4111321

FOR PRIVATE SCREENING CALL +917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WHATSAPP SAMDAREEYA CINEMA 7999968989



SUPEMAN 3D(HINDI): 09:30AM, 02:30PM, 05:15PM, 08:00PM, 10:30PM
AANKHON KI GUSTAAKHIYAN: 09:30AM, 02:45PM, 08:30PM
SITAARE ZAMEEN PAR: 12:00PM, 05:25PM
MAALIK: 10:00AM 01:00PM, 04:00PM 07:00PM, 10:00PM 11:00PM
MAA: 12:30PM
JURASSIC WORLD 3D(HINDI): 12:00PM, 06:00PM
METRO: 09:30AM, 02:30PM, 05:15PM, 08:00PM, 10:30PM

जबलपुर आई केयर
डॉ. पूजा मिश्रा
(एम.बी.बी.एस., एम.एस., नेत्र सर्जन)
प्रत्येक शुक्रवार नि:शुल्क नेत्र परीक्षण
समय-सुबह 11 से 2 बजे तक
पता- खुशी प्लाजा कॉम्पलेक्स, भंवरताल गार्डन, जबलपुर
रजिस्ट्रेशन हेतु संपर्क करें- 9009101571, 0761-4003010, 8103157419

BHARAT VIDYA SHIROMANI AWARD, MEGA TIME 4 MEDIA & PRIME TIME अवार्ड से सम्मानित
महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन
केन्द्र व राज्य सरकार से मान्यता व म. प्र. मेडिकल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर से सम्बद्धता प्राप्त

| नर्सिंग | पैरामेडिकल | होम्योपैथी | एजूकेशन | लॉ |
|---|---|---|---|---|
| M.Sc. (N)<br>PB. B.Sc. (N)<br>B.Sc. (N)<br>GNM (N)<br>ANM (N) | B.M.L.T.<br>D.M.L.T. | B.H.M.S. | D.Ed.<br>B.Ed.<br>M.Ed. | B.A.LL.B.<br>LL.B.<br>LL.M. |

More Info : महात्मा गांधी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन, मेन रेल्वे स्टेशन के पास, होटल कल्चुरी के सामने, साऊथ सिविल लाईन्स, जबलपुर (म.प्र.) Mob. 9300637079, 8103218415, 9893691462, 9200007079

ADMISSION OPEN
"THE MAIN AIM OF THE EDUCATION IS ALL ROUND DEVELOPMENT OF THE CHILD"
BULBUL KIDS KINGDOM High School
Uniform FREE
NURSERY, L.K.G., U.K.G. & 1st to 10th
न्यू राम नगर, अमखेरा रोड, अधारताल, जबलपुर
M: 9301408551, 9301408550, 6266655219

NH नेशनल हॉस्पिटल
स्थान- 703, गोलबाजार, जबलपुर
फोन नं.: 0761- 2412612, 2414612
C.G.H.S., C.S.M.A., E.S.I.C. एवं आयुष्मान द्वारा मान्यता प्राप्त
सुपर स्पेशिलिटी विभाग
• हृदय रोग (एंजियोग्रॉफी, एंजियोप्लॉस्टी, पेसमेकर) • न्यूरोलॉजी एवं न्यूरोसर्जरी (लकवा, मिर्गी, मूवमेन्ट डिसआर्डर, स्पाईन सर्जरी, हेड इन्जरी, ब्रेन ट्यूमर) • यूरोलॉजी (मूत्र के सभी रोगों का इलाज एवं ऑपरेशन, प्रोस्टेड के ऑपरेशन लेजर द्वारा किडनी की पथरी के ऑपरेशन) • शल्य चिकित्सा (हर्निया, अपेन्डिक्स, पाईल्स, फिस्टुला व आंतों में छेद एवं पेट के सभी ऑपरेशन) • हड्डी रोग (हिप एवं नी रिप्लेशमेन्ट) • छाती रोग • नेफ्रोलॉजी (डायलिसिस) • स्त्री रोग (हाई रिस्क प्रेगनेन्सी) • नेत्र रोग • शिशु रोग
28 वर्षो से जहर, सर्पदंश, डेंगू, एक्सीडेंट, ट्रामा एवं अन्य एम.एल.सी. के मरीजों में सर्वाधिक जीवन रक्षा का कीर्तिमान

# अखण्ड जल-ज्योति की पूजा के साथ चालीसा व्रत प्रारम्भ



**जबलपुर, देशबन्धु।** चालीसा व्रत मेला 2025 महोत्सव का शुभारंभ हुआ! चालीस दिनों तक चलने वाले महापर्व पर प्रतिदिन झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में जलज्योति की पूजा अर्चना, आरती एवं पल्लव प्रात: 9.30 बजे से प्रारंभ मे महापूजन प्रात: 9.30 बजे चालीस दिनों तक यह महानुष्ठान विष्णुधाम के महंत स्वामी रामदास जी महाराज, स्वामी अशोकानंद जी महाराज एवं स्वामी प्रदीप महाराज तथा अन्य संत महात्माओं के दिशा दर्शन में हुआ चालीस दिनों तक मातायें, बहनें, व्रत एवं उपवास रखकर भगवान झूलेलाल मंदिर के गर्भगृह में स्थित विपत्ति निवारक जल देवता, वरूण देवता, भगवान झूलेलाल का पूजन अर्चन एवं जलाशय में दीपदान किया!

चालीसा व्रत की उपासना सुख-समृद्धिदायक- चालीसा व्रत महोत्सव में आयोजित धर्मसभा में स्वामी अशोकानंद महाराज ने बताया धर्म मनुष्य का सच्चा साथी है यह परलोक में भी साथ नहीं छोड़ता है, यही समय है जब धर्म का संयम कर जीवन को सफल बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार पानी से शरीर और कपड़ा साफ किया जाता है उसी प्रकार ज्ञान और प्रभु भक्ति तथा आराधना से अंतर्रात्मा की शुद्धि की जाती है। वस्तुत: चालीसा व्रत करने से परमानंद प्राप्ति के द्वार खुल जाते हैं। विधायक अशोक रोहाणी ने कहा कि यह परंपरा आध्यात्मिक साधना एवं उपासना के लिये जीवन को मंगलम बनाने का प्रतीक एवं माध्यम है। आयोजन समिति के सर्वश्री विधायक अशोक रोहाणी उद्धवदास पारवानी, दिलीप तलरेजा,रामचंद्र आहूजा,रमेश आहूजा, राजकुमार कांधारी,माधवदास कुंदवानी श्रीचंद मध्यांनी, कैलाश वासवानी, धर्मेंद्र मंगलानी,सावलानी, विजय पंजवानी, हरीश आहूजा, बिल्लू हीरानी, सुनील हासवानी, सोनू लालवानी, गोपीचन्द्र खत्री सभी अनुष्ठान मे शामिल हुए

# शिव सा कृपालु दयालु कोई नहीं - स्वामी नरसिंह देवाचार्य

## नरसिंह मंदिर शास्त्री ब्रिज में श्रावण मास महोत्सव



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर -भूतभावन भगवान महादेव की आराधना का पावन मास ही श्रावन मास है। आज से भगवान महादेव को अतिप्रिय उसी श्रावण मास का प्रारम्भ हो रहा है। भगवान शिव जैसा कृपालु-दयालु कोई दूसरा देव नहीं है। जल, दूध, वेलपत्र, भांग, धतूरा चढ़ाने एवं प्रणाम करने मात्र से ही ये प्रसन्न होकर मनोवांछित फल प्रदान कर देते हैं। भगवान महादेव स्वयं अभाव में रहते हुए भी भक्तों के अभावों को हरने वाले हैं। आशुतोष भगवान महादेव की अल्प आराधना भी रंक को राजा बना देती है। इस पावन श्रावण मास में भगवान महादेव का अर्चन करके अपने जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का सौभाग्य हम सबको अवश्य प्राप्त करना चाहिए। भूतभावन भगवान महादेव से समस्त विश्व के मंगल एवं कल्याण की कामना करते हुए प्राणीमात्र पर उनकी कृपा दृष्टि बनी रहे, ऐसी साम्ब-सदाशिव प्रभु के श्री चरणों में प्रार्थना करने पावन श्रावण मास में नरसिंह मंदिर मेंश्रीमद् जगतगुरु नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ.स्वामी नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज ने नर्मदेश्वर महादेव के रूद्राभिषेक, षोडशोपचार पूजन अर्चन आरती में कहे। पूजन अर्चन आरती में अचार्य रामफल शास्त्री ,कामता गौतम ,एस बी मिश्रा, उग्रसेन मिश्र ,उर्मिला यादव, ब्रम्हचारी हिमांशु ,प्रियांशु सहित भक्त जनों की उपस्थिति रही।

# यश नर्सरी में गुरु पूर्णिमा महोत्सव सम्पन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** गुरु की महिमा को समर्पित गुरु पूर्णिमा महोत्सव का भव्य आयोजन यश नर्सरी हायर सेकेंडरी स्कूल अधारताल और गोहलपुर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ किया गया। इस विशेष अवसर पर विद्यार्थियों, शिक्षकों तथा अभिभावकों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत गुरु वंदना, श्लोक, नृत्य और भजन की भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। मंच पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों ने गुरु की भूमिका और उनके मार्गदर्शन की महत्ता को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से प्रदर्शित किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विद्यालय के संचालक डॉ. विजयकांत तिवारी एवं प्राचार्य श्रीमती सोनल तिवारी ने अपने उद्बोधन में कहा, भारत की गुरु शिष्य परंपरा सबसे प्राचीन है, सभी धर्म सम्प्रदाय में गुरु का विशेष महत्व, सम्मान है और साथ ही गुरु ही वह दीपक हैं जो अज्ञान के अंधकार को मिटाकर ज्ञान का प्रकाश फैलाते हैं।

कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों में प्राचार्य गोहलपुर श्रीमती वर्षा झारिया,श्रीमती श्रेया तिवारी, अतुल श्रीवास्तव, श्रीमती तनुजा यादव, अंकिता तिवारी, रश्मि गौतम, ज्योति यादव, सहित समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# जेंडर इक्विलिटी पर परिचर्चा

**जबलपुर, देशबन्धु।** जेंडर विभाजन की वजह से समाज पिछड़ रहा है। जीवन में हर किसी को मौका मिलना चाहिए, चाहे वह पुरुष हो या फिर महिलाएं। महिलाएं जीवन में हर बड़े काम कर सकती हैं। जेंडर इक्विलिटी पर परिचर्चा में वक्ताओं ने ऐसी की बात कही। कदम संस्था के तत्वावधान में जेंडर ओनली ह्यूमन थीम कार्यक्रम हुआ। आयोजन में वक्ताओं ने कहा कि जेंडर इक्विलिटी की समस्या से निजात मिल सकती है।

कार्यक्रम में अनामिका ने कहा कि मनुष्य के रूप में जीने का सर्वश्रेष्ठ मौका मौजूद है, फिर क्यों लोग स्त्री-पुरूष या अन्य जेंडर को प्रमुखता क्यों देते हैं। योगेश मिश्रा ने कहा कि जेंडर ओनली ह्यूमन अनोखा आन्दोलन है। यह किसी जेंडर के खिलाफ नही है वरन यह सभी जेंडर को अपने मूल स्वरूप की और लौटाने का सार्थक प्रयास है।

# सोशल वर्क में डोनेशन से मिल रहा इनकम टैक्स में फायदा

**जबलपुर, देशबन्धु।** हर भारतीय धर्म और कर्म को प्रमुखता देता है। इसके लिए वे मंदिरों में दान के साथ-साथ जरूरतमंदों को भी डोनेशन देते हैं। लोगों का यह काम उन्हें फाइनेंस मैनेजमेंट में भी मदद कर रहा है। दरअसल सोशल वर्क में डोनेशन देकर लोग इनकम टैक्स में छूट का फायदा उठा रहे हैं। शहरवासियों द्वारा इनकम टैक्स की छूट के लिए यह कॉन्सेप्ट तेजी से अपनाया जा रहा है, जहां एक्सपर्ट के सजेशन को शहरवासी पहले प्रमुखता दे रहे हैं।

डोनेशन के बाद मॉनिटरिंग जरूरी

विशेषज्ञों का कहना है कि अपनी कमाई का एक हिस्सा यदि डोनेशन में देते हैं, तो इसके बाद संस्था की मॉनिटरिंग भी की जाना जरूरी है। यह देखना होगा कि संस्था को सौंपा गया दान वे किस तरह से सरोकार के उपयोग में ले रहे हैं। शहर में इनकम टैक्स में राहत पाने के लिए कई लोग इस कॉन्सेप्ट पर ध्यान दे रहे हैं। ऐसे में आईटी एक्ट के सेक्शन 80 प्रतिशत में प्रावधान बनाए गए हैं।

**एक्सपर्ट टॉक-** डोनेशन करने पर छूट सिर्फ फिक्स अमाउंट, ड्राफ्ट या चेक से दो हजार या उससे अधिक की राशि पर मिलती है। यह नियम सामग्री, भोजन, दवाओं, लेखन सामग्री, किताबों के डोनेशन पर लागू नहीं है। डोनेशन के बाद रसीद जरूर लें। इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने में इसकी जरूरत होती है।

**शुभम गुप्ता, फाइनेंस एक्सपर्ट -** डोनेशन में वस्तु पर टैक्स छूट क्लेम नहीं कर सकते हैं। लेकिन मंदिर के कंस्ट्रक्शन, रेनोवेशन या रिपेयरिंग के लिए डोनेशन देते हैं तो इसमें छूट क्लैम कर सकते हैं। क्लैम के लिए आईटीआर फाइल करते समय 10बीई सर्टिफिकेट जमा करना होता है, जो संस्था प्रदान करती है।

**सुयश जैन, फाइनेंस एक्सपर्ट**

### इन संस्थाओं में दे सकते हैं डोनेशन

राष्ट्रीय आपदा राहत कोष , राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय शिक्षा मिशन, राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम, राष्ट्रीय पोषण मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण विकास, धर्मार्थ संगठन एवं ट्रस्ट, सामाजिक कल्याण संगठन, शैक्षिक संस्थान एवं स्वास्थ्य सेवा संस्थान आदि में कर सकते हैं।

# सावन के गीत गाकर मनाया उत्सव

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर. यूवी लेडीज ग्रुप और खंडेलवाल ग्रुप के तत्वावधान में सावन उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने चयनित थीम के अनुसार हरे परिधान पहने। आयोजन में सावन पर आधारित गीत, शिव गीत, भजनों की प्रस्तुति दी। इसके साथ ही कई मनोरंजक खेल भी खेले गए। महिलाओं ने सावन मास के उपलक्ष्य



में ओम नम: शिवाय के जाप से कार्यक्रम की शुरुआत की। इस मौके पर स्वाति खण्डेलवाल, भानू, सुषमा, तृप्ति, सीमा, श्वेता, बिंदू मौजूद रहीं।

# सीजन के लिए मिले स्किन केयर टिप्स




**जबलपुर, देशबन्धु।** गुजराती महिला मंडल में मानसून क्वीन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस दौरान जहां सरप्राइजिंग गेम्स खेले गए। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में ब्यूटी एक्सपर्ट ने बारिश सीजन में स्किन केयर को बेहतर बनाने के उपाय बताए। आयोजन में मंडल अध्यक्ष नीलिमा सेठ, सचिव राजश्री पीठवा, कल्पना रघुवंशी, प्रीति नेगांधी, भावना सोनेजी, सपना त्रिवेदी, हर्षिता गांधी, जूली सोनी मौजूद रहीं।

# संगीतमय प्रस्तुति में किया गुरुवंदन

**जबलपुर, देशबन्धु।** संगीतमय धुनों के बीच छात्राओं ने गुरुओं का वंदन किया। इस दौरान जहां सुर, ताल और आलाप की प्रस्तुति खास रही, वहीं लाइफ मोटिवेशन पर चर्चा हुई। माता गुजरी कॉलेज में गुरुवंदन समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में संयोजिका प्रभा पहारिया ने गुरु शब्द की महिमा बताई। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. संगीता झाम्ब, डायरेक्टर डॉ. सुनील पाहवा, रजिस्ट्रार डॉ. सत्येंद्र कुरारिया, डॉ. दीप्ति मिश्रा, डॉ. अल्पना सिंह, डॉ. भारती तिवारी, डॉ. रत्ना वर्मा, डॉ. जयश्री जैन, डॉ. पुष्पा रमेश, डॉ. सुनीता सोनी मौजूद रहीं।



## दैनिक राशिफल

**शनिवार 12 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। श्रावण कृष्ण पक्ष की द्वितीया, नक्षत्र-उ.षा.।**

मेष - आज आप पारिवारिक सदस्यों के साथ मिलकर घरेलू मामलों के संबंध में विचार विमर्श करेंगे। घर को नए सिरे से योजनाबद्ध करके आप उसे एक नया स्वरूप देंगे।

वृषभ - आज आप विदेश में बसनेवाले मित्रों या स्नेहीजनों के अच्छे समाचार पाकर आनंद अनुभव कर सकेंगे। जो लोग विदेश जाना चाहते हैं, उनके लिए अच्छा समय है।

मिथुन - आज आपको काफी सावधानी रखने की जरुरत है। आज इलाज या शल्यचिकित्सा टालना बेहतर होगा। क्रोध से खुद की हानि कर लेंगे। दिमाग को शांत रखें। क-248-125

कर्क - वैभवी जीवन शैली तथा मनोरंजक प्रवृत्तियों से आज आप आनंदित रहेंगे। व्यापार में आप को लाभ होगा। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

सिंह - मानसिक चिंता से मन चिंतित रहेगा। शंका और उदासी भी मन पर छाई रहेगी, इसलिए आज मन भारी रहेगा। किसी कारणवश दैनिक कामों में विघ्न आ सकते हैं।

कन्या - आज विद्यार्थियों के लिए समय कठिन है। संतान के विषय में आपको चिंता बनी रहेगी। शेयर-सट्टे से संभलकर चलिएगा। मन में खिन्नता का अनुभव होगा।

तुला - आपके लिए समय शुभ है। किसी बात को लेकर मन ज्यादा इमोशनल रहेगा। शारीरिक ताज़गी का अभाव रहेगा। मानसिक चिंता भी रहेगी। धन और यश की हानि हो सकती है।

वृश्चिक - आज का दिन आपके लिए लाभदायी है। आज आर्थिक लाभ होने के साथ-साथ भाग्य वृद्धि भी होगी। स्नेहीजनों के साथ संबंधों में प्रेम की अधिकता रहेगी।

धनु - आप का दिन मिश्रित फलदायी है। असमंजस के कारण निर्णय लेना कठिन होगा। मन में चिंता रहेगी। परिजनों के साथ मनमुटाव न हो, इसका ध्यान रखें।

मकर - आज दिन की शुरूआत ईश्वर स्मरण से होने के कारण मन प्रफुल्लित रहेगा। पारिवारिक वातावरण मंगलमय रहेगा। मित्रों, स्नेहीजनों से आपको उपहार प्राप्त होंगे।

कुंभ - आज शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थता बनी रहेगी। परिजनों के साथ कलह होने की संभावना है। धन के लेनदेन या पूंजी निवेश करते समय ध्यान रखें।

मीन - आज आकस्मिक धनलाभ की संभावना अधिक है। संतान के विषय में शुभ समाचार प्राप्त होंगे। बचपन के या पुराने मित्रों से मुलाकात हो सकती है। मॉ-556-238

2,7,3,8,23,78,39,82,45,53,62,19

# बिजनेस बढ़ाने में मददगार है सोशल मीडिया



**जबलपुर,देशबन्धु।** अग्रवाल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री की महिला विंग के तत्वावधान में महिलाओं के लिए महिला उद्यमी एवं सशक्तिकरण कार्यक्रम आयोजित हुआ। अग्रसेन कल्याण मंडपम में हुए कार्यक्रम में चेंबर से मुरली अग्रवाल, सभा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सीए केसी अग्रवाल, महिला उपाध्यक्ष पूजा अग्रवाल, मधु अग्रवाल विशिष्ट अतिथि रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं को स्वरोजगार स्थापित करने और स्टार्टअप से जुड़ने के लिए वक्ताओं ने वक्तत्व दिया। मुख्य वक्ता दीपक, रौनक, कनिका, दीप्ति रहीं। इस मौके पर रश्मि सराफ, पूजा, सूरज, सचिन, मृदुल, पराग, अनुराग, अरुण, रितेश, रूपेश, अमित मौजूद थे।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभा यात्रा की बैठक

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर - संस्कारधानी में श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में 1980 से निकाली जा रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की परम्परागत विशाल शोभायात्रा इस वर्ष भी आगामी 16 अगस्त शनिवार 2025 को दोपहर 2.00 बजे श्री सनातन धर्म तिराहा (पुराना मोटर स्टैंड) से डॉ स्वामी नरसिंहदेवाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य व संरक्षण में निकाली जाएगी। शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर आपके विचार एवं नवीनतम सुझावों हेतु आगामी 13 जुलाई रविवार को सायं 4.30 बजे श्री नृसिंह मंदिर शास्त्रीब्रिज में महासभा के यशस्वी अध्यक्ष श्री श्याम साहनी जी की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आहूत की गई है अत: श्री सनातन धर्म महासभा के समस्त पदाधिकारियों/ सदस्यों, नगर की सभी धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारी/सदस्यों बैठक मे उपस्थिति हेतु सादर आग्रह श्री सनातन धर्म महासभा, श्रीनृसिंह मंदिर गीताधाम परिवार ने किया है।

# श्री 10 मुखी माता महाकाली मठ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया



**जबलपुर, देशबन्धु।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पूजन भंडारा प्रसाद वितरण किया गया गुरु पूजन गुरु दीक्षा के साथ श्री 10 मुखी माता महाकाली मठ पीठाधीश्वर 108 महंत योगी राजेश्वरानंद महाराज के द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव माता महाकाली दरबार में धूमधाम से मनाया गया, इस अवसर पर पूर्व पार्षद श्री प्रकाश पटेल, एडवोकेट यज्ञ दत्त तिवारी, रामेश्वर साहू, हरि नायडू, किशोर पटेल, साध्वी सविता तिवारी, सारिका पांडे, अंगूरी शुक्ला, सुनीता शुक्ला, सविता पटेल, संगीता पटेल, दिव्या शुक्ला, इत्यादि काफी संख्या में मातृशक्ति भक्तगण महाराज जी से आशीर्वाद ग्रहण करके दीक्षा ग्रहण पूजन किया ।

# निधन

## ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्रीमती जमुना देवी खत्री-** बड़ी ओमती रसोई के पीछे निवासी श्री शीतल दास खत्री की धर्मपत्नी श्रीमती जमुना देवी खत्री (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम नारायण बसेड़िया-** स्टेट बैंक कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री राम नारायण बसेड़िया (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. शालिनी कोल-** हनुमान होटल सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री संतोष कोल की पुत्री कु. शालिनी कोल (17) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कोमल चौहान-** गुजराती मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री कोमल चौहान (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सोमवती रजक-** गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री राजेंद्र प्रसाद रजक की धर्मपत्नी श्रीमती सोमवती रजक (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश चंद्र झा-** लालमाटी कछियाना मंगल पराग मैदान के पास निवासी श्री सुरेश चंद्र झा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ललिता बाई लोधी-** रानीपुर गोरैया प्लाट मदनमहल निवासी श्री तोड़ल सिंह लोधी की धर्मपत्नी श्रीमती ललिता बाई लोधी (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**कु. सीता भाट-** सेठीनगर गुप्तेश्वर निवासी श्री लक्ष्मी भाट की पुत्री कु. सीता भाट (13) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती मीरा बाई पासी-** बड़ी ओमती निवासी श्री हरी प्रसाद पासी की धर्मपत्नी श्रीमती मीरा बाई पासी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती मनन चौबे-** रामेश्वरम कॉलोनी उखरी रोड विजयनगर निवासी श्री अवधेश कुमार चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती मनन चौबे (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री वीरेंद्र डांगे-** ब्यौहारबाग नेहरू वार्ड निवासी श्री वीरेंद्र डांगे (45) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कलावती गोस्वामी-** कंचनपुर रेतनाका गौरीघाट निवासी श्री परसुराम गोस्वामी की धर्मपत्नी श्रीमती कलावती गोस्वामी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सचिन बंशकार-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री अशोक कुमार बंशकार के पुत्र श्री सचिन बंशकार (42) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# जबलपुर मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव संपन्न



**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर मारवाड़ी सम्मेलन की स्थापना सन् 2000 में (राजस्थान से सम्बद्ध जैन, अग्रवाल, खण्डेलवाल, माहेश्वरी एवं ब्राहम्ण) घटक के सदस्यों ने मिलकर की थी। यह सुदृढ़ एवं संगठित सम विचारों वाली एवं संस्कृति की संस्था है।

गत दिवस हुये चुनाव में मार्गदर्शक एवं संरक्षक मंगलचंद टॉटिया, श्री विजय भूरा, रामअवतार सारडा द्वारा अध्यक्ष श्यामसुन्दर माहेश्वरी (जेठा), सचिव शरद डागा एवं कोषाध्यक्ष पद हेतु अशोक जोशी को चयनित किया गया।

# मालगोदाम से तहसीली कार्यालय तक खस्ताहाल सड़क पर कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**जबलपुर,देशबन्धु।** नेता प्रतिपक्ष अमरीश, उपनेता प्रतिपक्ष शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी एवं सचेतक अयोध्या तिवारी ने जानकारी देते हुये बताया कि वर्तमान नगर भाजपा की सत्ता जिसके मुखिया महापौर हैं उनके राज में नगर निगम में भ्रष्टाचार अपनी चरम सीमा पार कर चुका है । शहर में निर्माण कार्य या तो रूके हुये हैं और जो निर्माण कार्य किये गये हैं उनकी गुणवत्ता इतनी खराब कि 2-3 साल चलने वाली सड़क कुछ ही दिनों में खस्ताहाल हो रही है । आज कांग्रेस पार्षद दल एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हाल ही में 1 माह पूर्व बनी मालगोदाम चैराहे से तहसीली कार्यालय तक की डामल की नव निर्मित सड़क पूरी तरह से खस्ताहाल हो गई है, जिसके विरोध में आज प्रदर्शन किया गया। कांग्रेस पार्षद एवं कार्यकर्ताओं द्वारा तहसीली चैराहे से मालगोदाम चैराहे तक




पैदल मार्च करते हुये हाथों में भाजपा की नगर सता के विरोध में हाथों में तख्तियाँ लेकर खस्ताहाल हो चुकी सड़क पर पैदल मार्च करते हुये प्रदर्शन किया गया वे गुणवत्ताहीन होने के कारण कुछ ही दिनों में खस्ताहाल हो जा रहे हैं जिससे प्रतीत होता है कि जनता के पैसों की होली नगर सत्ता द्वारा खेली जा रही है जिसे कांग्रेस पार्षद दल द्वारा स्वीकार नहीं किया जायेगा

## रक्तरंजित अवस्था में मिला महिला प्रोफेसर का शव

### शादी नहीं होने के कारण रहती थी अकेले, पुलिस जांच में जुटी

**जबलपुर,देशबन्धु।** गढा थानान्तर्गत महिला प्रोफेसर का शव घर में रक्तरंजित अवस्था में मिलने के कारण क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। शादी नहीं होने के कारण महिला प्रोफेसर घर में अकेले रहती थी। पुलिस ने सूचना मिलने पर लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पोस्टमार्टम लिए के लिए भिजवा दिया। है। पुलिस सभी एंगल से विवेचना कर रही है और महिला प्रोफेसर के घर आने-जाने वालों के संबंध में पतासाजी कर रही है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सूर्यकांत शर्मा से प्राप्त जानकारी के अनुसार होम साइंस महिला महाविद्यालय में प्रोफेसर के पद पर पदस्थ प्रज्ञा अग्रवाल उम्र 55 साल गढा थानान्तर्गत अंबर बिहार निवास करती थी। वह घर में अकेले रहते थी और उनका भाई भोपाल में रहते है। पुलिस को आज सुबह लगभग 11 बजे उनका रक्त रंजित शव घर में पड़े होने के





सूचना प्राप्त हुई। महिला के दाहिने कलाई की नस कटी हुई थी तथा गले में भी कट के निशान थे,जिससे खून बह रहा था। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया था। पुलिस उनके परिचित व अन्य व्यक्तियों से पूछताछ कर रही है। इसके अलावा फॉरेन्सिक साक्ष्य भी एकत्र किये जा रहे है। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

सीएसपी गढा आशीष जैन ने बताया कि महिला प्रोफेसर अविवाहित थी और घर में अकेले रहते थी। रोजाना की तरफ घर में काम करने वाली महिला सुबह दस बजे पहुँची तो देखा महिला प्रोफेसर का शव रक्तरंजित अवस्था में पड़ा हुआ है। सम्भवता महिला महिला ने आत्महत्या की है। मृत्यु का कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट से स्पष्ट होगा। पुलिस सभी एंगल से जांच कर रही है।

## लोडिंग वाहन पलटा, आठ घायल, दो गंभीर

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिले के पाटन-शहपुरा मार्ग पर खेतों से लौट रहे मजदूरों से भरी एक तेज रफ्तार लोडिंग वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। जिसमें आठ मजदूर घायल हो गये, जिनमें दो की हालत चिंताजनक बनी हुई है।

बताया जा रहा है कि हादसा उस वक्त हुआ जब मजदूर धान की रोपाई का कार्य कर खेतों से लौट रहे थे। जैसे ही वाहन शहपुरा रोड पर पहुंचा, तेज रफ्तार और संभवतः ओवरलोडिंग के कारण चालक नियंत्रण खो बैठा और गाड़ी पलट गई। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और पलटे वाहन से घायलों को बाहर निकाला। 108 एंबुलेंस की सहायता से घायलों को तत्काल पाटन अस्पताल पहुंचाया गया। गंभीर रूप से घायल दो मजदूरों को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर कर दिया गया है।

## सावन माह के प्रारंभ में ही दो मंदिरों में चोरी, लोगों में आक्रोश

### लार्डगंज और कोतवाली क्षेत्र की घटना





**जबलपुर,देशबन्धु।** सावन के पवित्र महीने के पहले दिन मंदिरों से चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। जब लोगों को इस घटना की जानकारी लगी तो उनमें आक्रोश व्याप्त हो गया। बीती रात हुई मंदिरों में चोरी की इन घटनाओं से एक बार फिर पुलिस की रात्रि गस्त की पोल खोल कर रख दी है। कोतवाली और लार्डगंज थाना क्षेत्र स्थित दो मंदिरों में चोरों ने धावा बोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। चोरों की इस करतूत से पुजारियों और श्रद्धालुओं में आक्रोश बना हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाते हुए एफआईआर दर्ज कर ली है।

दीक्षितपुरा पूर्वी निवाडगंज स्थित मंदिर की व्यवस्थाएं संभालने वाले रामेश्वर सोनी ने बताया कि वर्षों से वे रोजाना मंदिर के पट रात को 10 बजे बंद करते आ रहे हैं। बीती रात जब मंदिर में प्रभु को शयन कराने पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वहां रखी दानपेटी गायब थी। जिसके बाद उन्होंने तत्काल आसपास के लोगों से पूछताछ की, लेकिन किसी ने भी पेटी ले जाते हुए किसी को नहीं देखा। हालांकि मंदिर परिसर और उसके अगल-बगल सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं, जिसकी फुटेज के आधार पर आरोपी का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। दान पेटी में करीब तीन से चार हजार रुपए दान होना बताया जा रहा है।

मंदिर व्यवस्थापक के अनुसार करीब 15 दिन पूर्व भी मंदिर की मूर्ति से एक चांदी का लॉकेट गायब हो गया था। इसी तरह पांडे चौक स्थित मंदिर के पुजारी बालेश्वर पांडे ने बताया कि रात के वे पट करने के बाद घर चले गए, दूसरे दिन जब ताला खोला तो मंदिर थोड़ा अस्त-व्यस्त था और वहां से दान पेटी, चांदी का छत्र और प्लेटें गायब थी। पुजारी ने ऊपर.नीचे नजर घुमाई तो ऊपर की खिड़की खुली हुई थी, जहां से चोर अंदर घुसा और पूरा सामान लेकर वहां से निकल गए। पुजारी ने बताया कि पुलिस को जानकारी देने के बाद संदिग्धों से पूछताछ करने के साथ कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि जल्द से जल्द चोरों को दबोचा जा सके।

## झपट्टा मारकर मोबाईल ले उड़े बदमाश

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिविल लाईन थाना क्षेत्रांतर्गत सर्किट हाउस नंबर-दो के पास बीती रात एक्टिवा सवार दो बदमाश एक युवक का मोबाईल झपट्टा मारकर ले उड़े। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि वेटनरी कालेज के सुभाष हॉस्टल में रहने वाला धीरज नंदा ऑनलाईन कोचिंग करता है। बीती रात करीब साढ़े नौ बजे जब वह सर्किट हाउस नंबर-2 से अपने रूम की ओर पैदल मोबाईल पर बाते करते हुए आ रहा था। दो बदमाश पहुंचे और उसका मोबाईल झपट्टा मारकर ले उड़े, वह गाड़ी का नंबर नहीं देख पाया।

## प्रेमी रचा रहा था शादी, प्रेमिका ने घर में लगा दी आग

### आरोपी युवती गिरफ्तार

**जबलपुर,देशबन्धु।** अधारताल थाना क्षेत्र निवासी विजय सोनी 10 जुलाई को मंदिर में शादी कर रहा था, इसकी भनक उसकी प्रेमिका को लग गई। जिसने विजय के घर पहुंचकर ताला तोड़कर मिट्टी तेल उड़ेलकर पूरे घर में आग लगा दी, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। उक्त आगजनी में गृहस्थी की पूरी सामग्री जलकर नष्ट हो गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी युवती को हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि बाबा नगर आवास योजना की तीसरी मंजिल पर 59 वर्षीय प्रकाश सोनी निवास करते है। 10 जुलाई की दोपहर को वह हनुमानताल शारदा मंदिर में अपने बेटे विजय की शादी अमृता सोनी से करा रहे थे। उसी दौरान नेहा ठाकुर उनके घर पहुंची और दरवाजा तोड़कर मिट्टी का तेल डालकर पूरे घर में आग लगा दी। विजय के दोस्त गोविंद ने जैसे ही प्रकाश को घर में आग लगने की जानकारी दी तो परिजन शादी कार्यक्रम से तत्काल घर के लिये रवाना हुए, लेकिन तब तक पूरी सामग्री जलकर नष्ट हो गई थी। आसपास के लोग अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास कर रहे थे।

जिन्होंने बताया कि शाम साढ़े चार बजे नेहा ठाकुर आई और ताला तोड़कर उसने घर में आग लगा दी। प्रकाश सोनी ने बताया कि नेहा उनके बेटे विजय की दोस्त थी, उनके बेटे विजय ने शादी कर ली, इसी बात से नाराज होकर नेहा ने आगजनी को अंजाम दिया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपी नेहा ठाकुर को हिरासत में लिया है।

# मुक्कमल जांच होगी, दोषियों को नहीं बख्शा जायेगा

### हाईकोर्ट करेंगा पैरामेडिकल कॉलेज के मान्यता संबंधित मामले की संज्ञान याचिका के रूप में सुनवाई

**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश में नियम विरुद्ध तरीके से नर्सिंग कॉलेज की तरह पैरामेडिकल कॉलेज संचालित होने को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट जस्टिस अतुल श्रीधरन तथा जस्टिस दिनेश कुमार पालीवाल की युगलपीठ ने इस संबंध में पेश आवेदन की सुनवाई संज्ञान याचिका के रूप में करने के आदेश जारी किये है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि मुकम्मल जांच करवाते हुए दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

लॉ स्टूडेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विशाल बघेल की तरफ से साल 2022 में दायर याचिका में प्रदेश में संचालित फर्जी नर्सिंग कॉलेज को चुनौती दी गयी थी। याचिका में कहा गया था की निर्धारित मानदंड पूरा नहीं करने के बावजूद भी कॉलेज को मान्यता प्रदान की गयी है। प्रदेश में कई नर्सिंग कॉलेज एक कमरे में संचालित हो रहे और एक फैक्टरी एक ही समय में कई कॉलेजों के पढ़ा रहे है। हाईकोर्ट ने प्रदेश में संचालित नर्सिंग कॉलेज की जांच के आदेश सीबीआई को दिए थे। सीबीआई की जांच प्रारंभिक जांच में 169 कॉलेज सूटेबल,65 कॉलेज अनसूटेबल तथा 74 कॉलेज में कमियां पाई गई थी। सीबीआई की दूसरी जांच में 129 कॉलेज में कमियां पाई गई थी।

याचिका की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की तरफ से पेश किये गये आवेदन में कहा गया था कि नर्सिंग कॉलेज की तरफ प्रदेश नियमों को ताक में रखकर पैरा मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे है। याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से कहा गया कि यह मुद्दा अगल है,इसलिए आवेदन को निरस्त किया जाये। याचिकाकर्ता की तरफ से बताया गया कि सीबीआई जांच की पहली जांच में एक कॉलेज सूटेबल पाया गया था। सीबीआई की दूरी जांच में उक्त कॉलेज में कमियां पाई गई थी। इसी कॉलेज के बिल्डिंग में पैरामेडिकल कॉलेज संचालित किया जा रहा है। मध्य प्रदेश पैरामेडिकल काउंसिल ने कॉलेजों को साल 2022-23 तथा 2023-24 के दाखिले की अनुमति कॉलेजों को प्रदान कर दी है। नियम अनुसार जीरो ईयर घोषित किया जाना चाहिये थे। ऐसे कौन से छात्र होंगे जो दाखिला पाने के लिए दो साल से इंतजार कर रहे है। युगलपीठ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पैरा मेडिकल काउंसिल के चेयरमैन के संबंध में जानकारी चाही गई । युगलपीठ को बताया गया कि प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला वर्तमान में काउंसिल के चेयरमैन है। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद उक्त आदेश जारी करते हुए काउंसिल के चेयरमैन सहित अन्य संबंधित व्यक्तियों का अनावेदक बनाने के आदेश जारी किये है। याचिकाकर्ता की तरफ से अधिवक्ता आलोक बागरेचा ने पैरवी की।

## एसीएस राजेश राजौरा को हाईकोर्ट ने जारी किये अवमानना नोटिस

### ओंकारेश्वर बांध प्रभावितों के मुआवजा का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** ओंकारेश्वर बांध प्रभावितों को समुचित मुआवजा दिये जाने के संबंध में पूर्व में पारित आदेश का पालन नहीं किये जाने को हाईकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट जस्टिस जस्टिस डी डी बंसल की एकलपीठ ने अतिरिक्त मुख्य सचिव राजेश राजौरा को अवमानना नोटिस जारी करते हुए पूर्व में पारित आदेश का पालन नहीं किये जाने के संबंध में लिखित में जवाब पेश करने के निर्देश जारी किये है।

नर्मदा बचाओं आंदोलन की तरफ से दायर की गयी याचिका में अवमानना याचिका में कहा गया था कि मप्र शासन ने ओंकारेश्वर बांध से प्रभावित किसानों व उनके परिवारों के लिए विशेष पुनर्वास पैकेज प्रदान किये जाने की घोषित सात जून 2023 को गयी थी। विशेष पुनर्वास पैकेज जिन किसानों के पास भूमि नहीं है, उन्हें व उनके बच्चों को ढ़ाई लाख रुपये





मुआवजा देने की व्यवस्था दी गई थी। इसके बावजूद भी प्रभावितों को समुचित मुआवजा नहीं दिया गया। पीड़ित परिवारों को समुचित मुआवजा के संबंध में पूर्व में हाईकोर्ट द्वारा पारित आदेश का पालन नहीं किये जाने के कारण उक्त अवमानना याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट ने अवमानना याचिका की सुनवाई करते हुए अपने आदेश में में मुख्य सचिव व नर्मदा घाटी प्राधिकरण को आठ सप्ताह में मुआवजे को लेकर निर्णय लेने निर्देश जारी किये थे। याचिका याचिका की सुनवाई के दौरान एकलपीठ को बताया गया कि पूर्व में आदेश के बावजूद भी मुआवजा के संबंध में अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। एकलपीठ ने आदेश का पालन नहीं किये जाने को गंभीरता से लेते हुए उक्त आदेश जारी किये।

## ब्यॉज सहित लौटाओं निवेश राशि

### सहारा इंडिया को आयोग के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला उपभोक्ता आयोग ने सहारा इंडिया लिमिटेड को निर्देशित किया है वह परिवादी को सात फीसदी ब्याज के साथ उसकी निवेश की गई राशि 93 हजार 650 का भुगतान करें। आयोग के अध्यक्ष नवीन कुमार सक्सेना व सदस्य मनोज मिश्रा की संयुक्त पीठ ने इसके साथ ही कहा है कि वह परिवादी को हुई मानसिक पीड़ा के लिये तीन हजार और वाद व्यय के रूप में दो हजार रुपए का भी भुगतान करें।

दरअसल जबलपुर के टीएफआरआई पड़रिया में रहने वाली जोफिशान परवीन की ओर से अधिवक्ता संदीप अग्रवाल ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि परिवादी ने 2012 में सहारा क्यू शॉप स्कीम के तहत उक्त निवेश किया था। परिवादी सितंबर 2018 को जब गौमाता चौक स्थित सहारा के ऑफिस गया और निवेश की राशि वापस मांगी। लगातार पत्राचार के बावजूद राशि नहीं मिलने पर आयोग में परिवाद दायर किया गया था। जिसके बाद उक्त राहतकारी आदेश मिले।

## गांजा तस्कर को तीन साल का कठोर कारावास

### विशेष अदालत ने दस हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर।** एनडीपीएस के विशेष न्यायाधीश शशिभूषण शर्मा की अदालत ने गांजा तस्करी के आरोपी मानइक्षसह को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी को तीन वर्ष के कठोर कारवास व दस हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं तीन अन्य आरोपियों को अदालत ने दोषमुक्त करार दिया है। अदालत के समक्ष शासन की ओर से अपर लोक अभियोजक अरविंद जैन ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि दमोह जबेरा के ग्राम बहेरिया निवासी 37 वर्षीय मानसिंह लोधी को बेलबाग पुलिस ने 26 मार्च 2019 की सुबह करीब पौने नौ बजे रामलीला मैदान के पास मोटर साइकिल क्रमांक एमपी 34 एमजे-9326 के साथ गांजे के साथ पकड़ा था। पुलिस ने आरोपी के पास से पांच किलों बीस ग्राम गांजा जप्त किया था। पुलिस ने आरोपी मानसिंह के साथ उनके सहयोगी आरोपी सुरेन्द्र सिंह, शिवराज सिंह व हल्लेभाई को भी हिरासत में लिया था। विचारण दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों को मद्देनजर रखते हुए अदालत ने मानसिंह को उक्त सजा सुनाई।

## शिक्षक दंपत्ति को राहत

### अभ्यावेदन के निराकरण तक वर्तमान जगह में ही पदस्थ रहने के निर्देश

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने स्थानांतरण संबंधी अभ्यावेदन के निराकरण तक शिक्षक दंपति को वर्तमान जगह पर ही बने रहने के निर्देश दिये है। जस्टिस एमएस भट्टी की एकलपीठ ने आदिवासी कल्याण विभाग को 30 दिन के भीतर याचिकाकर्ता शिक्षकों के अभ्यावेदन पर विचार कर उचित निर्णय पारित करने के निर्देश दिए। अनूपपुर निवासी हामिद मुइन खान व नसरीन बानो की ओर से अधिवक्ता मोहनलाल शर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि नसरीन का तबादला शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा अनूपपुर को शासकीय प्राथमिक विद्यालय चंदनिया खुर्द सोहागपुर शहडोल कर दिया है। इसी तरह हामिद का स्थानांतरण शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोतमा से शासकीय माध्यमिक विद्यालय अरझुली शहडोल कर दिया है। दलील दी गई कि याचिकाकर्ता पति-पत्नी हैं और नियमानुसार दोनों को अगल-अलग जगह पदस्थ नहीं रख सकते। अधिकारियों को अभ्यावेदन दिया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई, जिस पर हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

## मेट्रो बस के कंडक्टर से मारपीट

### नकाबपोश बदमाशों ने वारदात को दिया अंजाम

**जबलपुर,देशबन्धु।** गढ़ा थाना क्षेत्रांतर्गत हितकारिणी स्कूल तिराहे से तीन नकाबपोश बदमाश मेट्रो बस पर सवार हुए और कंडेक्टर से शराब पीने के लिये एक हजार रुपयों की मांग करने लगे। कंडेक्टर के रूपये देने से मना करने पर तीनों ने उसके साथ जमकर मारपीट की और भाग निकले, इस दौरान कंडेक्टर की जेब से चार हजार रुपये भी गायब हो गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है। पुलिस ने बताया कि पनागर देवरीकला निवासी 34 वर्षीय अभिषेक गुप्ता मेट्रो बस क्रमांक एमपी 20 पीए 1292 में परिचालक की नौकरी करता है। जब बस भेड़ाघाट से जबलपुर आ रहीं थी और हितकारिणी स्कूल तिराहा पहुंची तो उस पर तीन लड़के सवार हुए, जो कि अपने चेहरें को गमछे से बांधे हुए थे। बस जैसे ही रामायण मंदिर के आगे पहुंची तो तीनों बदमाशों ने कंडेक्टर अभिषेक गुप्ता से कहां हमें शराब पीना है एक हजार रुपये दो। अभिषेक के रूपये देने से मना करने पर तीनों आरोपियों ने गाली गलौज करते हुए अभिषेक के साथ जमकर मारपीट की, इसी दौरान अभिषेक की जेब से चार हजार रुपये भी गायब हो गये। इसके बाद आरोपी रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए बस से उतरकर भाग गये। आरोपियों की उम्र करीब 25 से 30 साल के करीब होगी। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की पतासाजी शुरु कर दी है।

## शातिर बदमाश सहित तीन बदमाश चाकू-तलवार के साथ पकड़ाएं

**जबलपुर,देशबन्धु।** घमापुर पुलिस ने सतपुला जवाहर स्कूल के पास से शातिर बदमाश बाबिल कुचबंधिया को चाकू लेकर घूमते हुए दबोचा है। वहीं लार्डगंज पुलिस ने रानीताल मुक्तिधाम के से नारायण को तलवार के साथ दबोचा। इसके अलावा मझौली पुलिस ने सुमित चौधरी के चायना चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है।

घमापुर टीआई प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि बीती रात सतपुला जवाहर स्कूल के पास से कांचघर कुचबंदिया मोहल्ला निवासी 23 वर्षीय बाबिल कुचबंधिया को हिरासत में लिया गया। जिसके पास से चाकू बरामद किया गया है। आरोपी बाबिल एक शातिर बदमाश है। जिसके खिलाफ हत्या का प्रयास, अवैध वसूली व बलवा, मारपीट, आर्म्स एक्ट और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के 15 अपराध दर्ज है। इसी प्रकार लार्डगंज पुलिस ने रानीताल मुक्तिधाम के पास से सर्वोदय नगर निवासी 35 वर्षीय नारायण कोरी को तलवार लेकर घूमते हुए दबोचा है। इसी तरह मझौली पुलिस ने इंद्राना नेगई तिराहा में दबिश देकर गौर नेगई निवासी 19 वर्षीय सुमित चौधरी को चायना चाकू के साथ दबोचा। पुलिस ने तीनों बदमाशों के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही की।

## शराब के लिये रुपये न देने पर चाकू से हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** घमापुर थाना क्षेत्रांतर्गत लालमाटी क्षेत्र में तीन बदमाशों ने एक 17 वर्षीय किशोर उम्र के लड़के से शराब पीने के लिये रुपयों की मांग करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे लड़के के दोनों पैरों में गंभीर चोट आई है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस को लालमाटी निवासी संजय रजक ने बताया कि बीती मध्यरात्रि करीब डेढ़ बजे वह अपने घर पर टीव्ही देख रहा था। उसी समय उसके भतीजे हर्ष के चिल्लाने की आवाज आई, उसने बाहर निकालकर देखा तो उसका भतीजा हर्ष जो कि रंजन मेडिकल नारायण चौक के पास काम करके दुकान बंद कर घर आ रहा था, उसी समय कुलिया में ऐश्वर्य नाहर, कौशिक सोंधिया, पुष्पराज सिंह चाकू से मार रहे थे। जिससे हर्ष को पैरो मे चोटे आ गई। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये। भतीजे हर्ष ने बताया कि तीनों मुझसे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांग रहे थे, पैसे नही देने पर तीनों ने गाली गलौज कर चाकू से हमला किया। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

## जबलपुर से दिल्ली के बीच चलाई जाये वंदेभारत ट्रेन

### एसबीसी चेयरमेन ने रेलमंत्री को लिखा पत्र

**जबलपुर,देशबन्धु।** वंदेभारत ट्रेन को जबलपुर और दिल्ली के बीच चलाया जाए। इस आशय संबंधी एक पत्र मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चेयरमेन ने रेलमंत्री को लिखा है।

मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के चेयरमेन राधेलाल गुप्ता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रेल मंत्री, मुख्य सचिव, केबिनेट मंत्री राकेश सिंह एवं सांसद आशीष दुबे, सांसद ने यह मांग उठाई है। अधिवक्ता परिषद के चेयरमेन श्री गुप्ता ने बताया कि जबलपुर के चारों तरफ लगभग 200 किलोमीटर की परिधि में कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व एवं मापदंड वाले पर्यटन स्थल आते हैं। इनमें कान्हा राष्ट्रीय उद्यान, खजुराहो, पचमढ़ी, भेड़ाघाट, पन्ना राष्ट्रीय उद्यान, बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, बरगी, अमरकंटक, मदनमहल का किला, नर्मदा गौर संगम एवं अन्य राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय महत्व एवं मापदंड के पर्यटन स्थल हैं। इन स्थलों पर राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पर्यटक भ्रमण करने आते हैं। वंदेभारत ट्रेन चलने से पर्यटन में इजाफा होगा। मध्यप्रदेश के उच्च न्यायालय के मुख्यपीठ जबलपुर में स्थित है। रक्षा के महत्वपूर्ण आयुध फैक्ट्रियों एवं आयुध संस्थायें जबलपुर में मौजूद है। उन्होंने यह भी बताया कि वंदेभारत ट्रेन विभिन्न शहरों में चलाई जा रही है, लेकिन जबलपुर शहर को अनदेखा किया जा रहा है। जबलपुर से दिल्ली के बीच बहुत ही कम ट्रेन चल रही है। एक ही हवाई जहाज है, ऐसे स्थिति में जबलपुर शहर देश की राजधानी से अलग हो गया है। मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद के बाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी ने यह मांग की है कि जबलपुर-दिल्ली के बीच नियमित वंदेभारत ट्रेन चलाये जाने की सौगात जबलपुर शहर को जल्द से जल्द दी जाये। वंदेभारत चलाने के लिए मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के पदाधिकारी धन्यकुमार जैन, पारितोष त्रिवेदी एवं जिला अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण मनीष मिश्रा, ज्योति राय ने बताया कि जबलपुर से दिल्ली के बीच वंदेभारत ट्रेन चलाया जाना अतिआवश्यक है।

# बजाया शंख, घंटा, थाली और पूछा सिहोरा जिला कब बनाओगे ?

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा को जिला बनाए जाने का वादा करके आप सत्ता में आए, आपके दिग्गज नेताओं ने सिहोरा वासियों से सिहोरा जिला बनाने का वादा किया और अब आप भूल गए। इसलिए हम शंख, घंटा थाली बजाकर आपको आपका वादा याद दिलाने आए हैं। यह कहना रहा दर्जनों सिहोरा वासियों का जिन्होंने आज भाजपा के संभागीय कार्यालय रानीताल जबलपुर पहुंचकर कार्यालय के बाहर घंटों तक शंख, घंटा और थाली बजा कर जोरदार प्रदर्शन किया। भाजपा के जिला महामंत्री पंकज दुबे ने सिहोरा वासियों से वार्ता की और कहा कि वे सिहोरा जिला की बात को प्रदेश कार्यालय तक पहुंचाएंगे।

**नारे लगाए, पोस्टर से पाटा कार्यालय**- लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के बैनर तले हो रहे प्रदर्शन में प्रदर्शन कारियों ने नारे लगा लगाकर पूछा कि उमा भारती कौन है? शिवराज सिंह चौहान कौन है स्मृति ईरानी कौन है? संतोष बरकड़े कौन है? प्रदर्शनकारियों ने इन दिग्गज राजनेताओं के द्वारा की गई घोषणाओं की पोस्टर भी संभागीय कार्यालय की बाहरी दीवाल पर टांग दिए। इन पोस्टरों में राजनेताओं द्वारा की गई घोषणाएं और उनकी तिथियां अंकित थी। साथ में पूछा गया था कि अब जिला सिहोरा कब?

**इन्होंने की घोषणाएं** -भाजपा द्वारा सिहोरा जिला के संबंध में की गई घोषणाएंसिहोरा को जिला बनाए जाने की मांग लगातार विगत 21 वर्षों से उठती रही है। विगत 2023 के विधानसभा चुनाव के पूर्व सिहोरा वासियों ने इस मांग को लोकतांत्रिक तरीके से सरकार तक पहुंचाने हेतु अनेक प्रकार के लोकतांत्रिक आंदोलन ,प्रदर्शन ,ज्ञापन इत्यादि के आयोजन किए हैं। इस दौरान विधानसभा चुनाव के ठीक पहले भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश के द्वारा निम्न तिथियों में सिहोरा में सिहोरा वासियों से आम सभाओं में किए गए -

1 - भाजपा की विकास यात्रा के दौरान तत्कालीन केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल जी के द्वारा दिनांक 08.09.2023 को सार्वजनिक




सभा में सिहोरा को 21 वर्ष पूर्व ही जिला बन जाना था ऐसा विचार व्यक्त करते हुए सिहोरा जिले की मांग का समर्थन किया गया था। साथ ही वादा किया कि भारतीय जनता पार्टी इस मुद्दे पर गंभीर है और शीघ्र ही इस दिशा में कोई कदम उठाएगी ।

2- दिनांक 08 .11.2023 को विधानसभा चुनाव के सिहोरा के भाजपा प्रत्याशी संतोष बरकड़े द्वारा बाबा लाल मंदिर प्रांगण में हुई आमसभा में सिहोरा वासियों से समर्थन मांगते हुए वचन दिया गया कि सरकार बनते ही भारतीय जनता पार्टी सिहोरा को जिला बनाए जाने की दिशा में कार्य करेगी ।

3 - दिनांक 15 .11 .2023 विधानसभा चुनाव के ठीक पहले तत्कालीन केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी जी द्वारा पुराना बस स्टैंड सिहोरा में आयोजित आमसभा में सार्वजनिक रूप से भारतीय जनता पार्टी की ओर से सिहोरा वासियों से वादा किया गया कि आप भाजपा प्रत्याशी संतोष बरकड़े को जिताएं। जीतते ही सिहोरा को जिला बनाए जाने की प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी।उन्होंने स्वयं मुख्यमंत्री तक बात रखने का भी ठोस वचन दिया था।

4- दिनांक 16.11.2023 को तत्कालीन मुख्यमंत्री माननीय शिवराज सिंह जी चौहान द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक जबलपुर के सम्मानित श्री डॉक्टर जितेंद्र जामदार जी की मध्यस्थता में लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों से मोबाइल पर वार्ता की गई ।इस वार्ता में माननीय शिवराज सिंह जी चौहान ने भाजपा के प्रति विश्वास व्यक्त करने की अपील करते हुए विश्वास दिलाया था कि सत्ता में आते ही सिहोरा को जिला बनाया जाएगा।

### 11 जुलाई 2003 को जारी हुआ था राजपत्र

सिहोरा को जिला बनाए जाने की विभागीय प्रक्रिया वर्ष 2001 से 2003 के मध्य पूरी हो गई थी। 22 वर्ष पहले 11 जुलाई 2003 को सिहोरा जिला बनाए जाने का मध्यप्रदेश सरकार का राजपत्र भी जारी हुआ था।इसके बाद इसे एक अक्टूबर 2003 को कैबिनेट की मंजूरी दी गई।पर इससे पहले की कलेक्टर एस पी की पदस्थापना होती,चुनावी आचार संहिता लग गई और यह मामला लगातार 22 वर्षो से लंबित है।

### अब अगला प्रदर्शन भोपाल में

लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के प्रदर्शन कर रहे सदस्यों अनिल जैन,विकास दुबे, कृष्ण कुमार कुररिया,नरेंद्र गर्ग,गौरी हर राजे, राकेश पाठक,मानस तिवारी नंदकुमार परोहा,रामजी शुक्ला, अन्नु गर्ग,अनिल दाहिया आदि ने कहा कि हमने पहले ब्लॉक स्तर पर सिहोरा स्तर पर आज जिला स्तर पर प्रदर्शन किया है यदि इसके बाद भी सरकार ने सिहोरा जिला के संबंध में सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो वह भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर जाकर अपनी बात रखेंगे।

## सार-समाचार



### शास.महाविद्यालय कुंडम में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित

**कुंडम, देशबन्धु।** शासकीय महाविद्यालय कुंडम में जनभागीदारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य अतिथि सिहोरा विधायक संतोष वरकड़े एवं अध्यक्षता जनभागीदारी समिति अध्यक्ष डॉ. रवि महोबिया ने की। बैठक में अन्य शिक्षण संबंधी महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किया गए। समिति सदस्य अशोक जैन, विजय बहादुर परस्ते, राधे श्याम साहू, डॉ. राजू साहू, कामता यादव, हुब्बी लाल चक्रवर्ती, अंशु जैसवाल, दिनेश सोनी, देवेंद्र साहू, प्रदीप साहू, धनीराम साहू, प्राचार्य डॉ. मधुमति नामदेव, उत्कृष्ट विद्यालय प्राचार्य डीएस उर्तेती सहित वन विभाग के अधिकारियों सहित महाविद्यालय कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान प्रस्ताव 15 अगस्त तक

**कुंडम, देशबन्धु।** विपिन जोशी स्मारक समिति द्वारा हर साल शिक्षक दिवस पर आयोजित होने वाले राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह के लिए इस बार प्रस्ताव 10 जुलाई से 15 अगस्त तक स्वीकार किए जाएंगे। समिति के अध्यक्ष रमेश के साहू एडवोकेट की ओर से जबलपुर जिले के प्रचार सचिव विनोद कुमार साहू ने बताया कि प्रायोजकों केविशेष सहयोग से आयोजन 41वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। समिति के संस्थापक संरक्षक प्रमोद पगारे के मार्गदर्शन में समारोह आयोजित किया जाता है, इसके लिए देश भर से योग्य शिक्षकों के नाम आमंत्रित किए जाते हैं। समिति सचिव विनीत चौकसे व कोषाध्यक्ष नीरज जैन ने बताया प्रस्ताव ऑनलाइन के साथ हार्ड कॉपी में भी भेजे जा सकते हैं। इसके लिए निर्धारित प्रारूप व सह पत्रों की फोटो कॉपी के साथ प्रविष्टियां 15 अगस्त से पहले इटारसी पहुंचना अनिवार्य है।

### नगर में जगह-जगह हो रही अवैध गैस रिफिलिंग

**बरेला, देशबन्धु।** नगर में अनेक जगह ऑटो में घरेलू गैस का उपयोग कर गैस रिफिलिंग की जा रही है।इस अवैध ऑटो गैस रिफिलिंग सेंटर में घरेलू गैस का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है।नगर के भीड़ भरे इलाकों जैसेकन्या शाला के पास,वार्ड नंबर 6 में बर्मन मोहल्ले के पास, वार्ड नंबर 9 में नर्मदा मंदिर के पास धडल्ले से ऑटो में घरेलू गैस भरी जा रही है। जगह-जगह खुले अवैध गैस रिफिंलिग सेंटर प्रशासन को खुली चुनौती दे रहे हैं। स्थानीय पुलिस प्रशासन और क्राइम ब्रांच की मिली भगत से अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर का धंधा फल फूल रहा है।इस अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर मैं कहीं किसी भी दिन बड़ा धमाका हो सकता है,जिसके कारण जान - माल की हानि भी हो सकती है। शायद स्थानीय प्रशासन किसी बड़े हादसा का इंतजार कर रहा है,तब कहीं जाकर इन अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर अंकुश लग पावेगा। क्राइम ब्रांच और पुलिस प्रशासन द्वारा लगभग 1 वर्ष पूर्व इन अवैध केंद्रों पर कार्रवाई की गई थी इसके बाद यह सेंटर बंद हो गए थे किंतु कुछ समय बाद पुन: संचालन शुरू हो गया है जो कि अभी तक आवाद है। स्थानीय नगर वासियों ने नगर और क्षेत्र में फल फूल रहे अवैध गैस रिफिलिंग सेंटर पर पुलिस से कार्यवाही की मांग है।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा की बैठक कल

**पाटन, देशबन्धु।** संस्कारधानी में श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में 1980 से निकाली जा रही श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की परम्परागत विशाल शोभायात्रा इस वर्ष भी आगामी 16 अगस्त शनिवार 2025 को दोपहर 2.00 बजे श्री सनातन धर्म तिराहा (पुराना मोटर स्टैंड) से श्री नृसिंह पीठाधीश्वर डॉ. स्वामी नरसिंहदेवाचार्य के पावन सानिध्य व संरक्षण में निकाली जाएगी। शोभायात्रा की तैयारियों को लेकर आपके विचार एवं नवीनतम सुझावों हेतु आगामी 13 जुलाई रविवार को सायं 4.30 बजे श्री नृसिंह मंदिर शास्त्रीब्रिज में महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक आहूत की गई है।

### पं. देवेन्द्र कुमार शर्मा राष्ट्रीय महासचिव बने

**कुंडम, देशबन्धु।** अधिवक्ता महासंघ भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरिनाथ पाठक ने सर्वसम्मति से संस्कारधानी के अधिवक्ता पं. देवेन्द्र कुमार शर्मा को महासंघ के महासचिव के पद पर मनोनीत किया है।

### राजेश असाटी का निधन



**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गांधीग्राम के प्रतिष्ठित असाटी समाज के राजेश असाटी पिता छोटेलाल असाटी का 49 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मुक्तिधाम गांधीग्राम में अन्तिम संस्कार पुत्र ओम असाटी ने किया। आप उमेश असाटी, मुकेश असाटी के भाई थे।

## चौराहे पर जाम पड़ी पुलिया से रास्ते पर भर जाता है पानी

**बरेला, देशबन्धु।** अनवरत हो रही बारिश के कारण बरेला मनेरी मार्ग पर शारदा नगर तीराहे के पास स्थित पुलिया जाम होने के कारण यहां पर पानी भर जाता है इसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि इस तीराहे पर चारों तरफ से पानी आता है तथा तीराहे पर पुलिया जाम होने के कारण रास्ते पर पानी भर जाता है स्थानीय निवासी छोटू तिवारी और शनि महाराज ने बताया कि शारदा नगर तिराहा पर शारदा नगर से मनेरी जाने वाली मार्ग पर पढ़ने वाली इस पुलिया पर अनेक दिनों से पानी भरा रहता है इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के जवाब देह अधिकारियों को भी सूचित किया गया है, किंतु इसके बावजूद भी आज तक यहां पर कोई भी अधिकारी ,कर्मचारी इस पुलिया को सुधरवाने नहीं आया है, जिसका कारण चारों तरफ पानी भर जाता है बताया जाता है कि विगत दिवस जब जोरदार बारिश हो रही थी, तब इस जाम पुलिया के कारण उनकी दुकान तक पानी भर गया था, जिसके कारण उनका उनके सामान का भी नुकसान हो गया किंतु उसके बावजूद भी अभी तक इस जाम पुलिया को खोलने की कोई कोशिश लोक निर्माण विभाग द्वारा नहीं की गई है। स्थानीय निवासियों ने इस पुलिया के सुधार की मांग की गई है।



## मेरीडियन एसएस स्कूल गांधीग्राम में उत्साह के साथ मनाया गुरु पूर्णिमा

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्थानीय मेरीडियन एस. एस. स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा एक भव्य और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष दिन को समर्पित करते हुए, बच्चों ने भारतीय संस्कृति और परंपरा में अपने गुरुजनों को नमन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन के साथ हुआ, जिसके उपरांत छात्रों ने मधुर गुरु वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद विविध सांस्कृतिक कार्यक्रमों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की गई, जिसमें छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा था।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुरु वशिष्ठ और उनके परम शिष्यों, मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के जीवन पर आधारित एक मनमोहक नाट्य मंचन था। इस नाट्य रूपांतरण के माध्यम से यह दर्शाया गया कि किस प्रकार एक गुरु अपने शिष्यों के जीवन में ज्ञान और नैतिक मूल्यों का संचार कर उन्हें सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करता है। बच्चों ने अपने अभिनय से गुरु-शिष्य के पवित्र रिश्ते और उसके महत्व को जीवंत कर दिया, जिससे



उपस्थित सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए।

इस अवसर पर स्कूल प्रबंधन द्वारा समस्त शिक्षकों को उनके नि:स्वार्थ योगदान और समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। प्रत्येक शिक्षक को श्रीफल और चंदन लगाकर आभार व्यक्त किया गया, जो भारतीय परंपरा में सम्मान का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान, स्कूल संरक्षक प्रताप सिंह बघेल और प्राचार्य श्रीमती अंकिता अग्रवाल ने बच्चों को गुरु-शिक्षक परंपरा की महत्ता और उसके ऐतिहासिक संदर्भों के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किस प्रकार प्राचीन काल से ही भारत में गुरु को ईश्वर तुल्य माना गया है और उनका मार्गदर्शन जीवन की सफलता के लिए कितना आवश्यक है। यह संपूर्ण कार्यक्रम मनोज बांके और समस्त शिक्षकगण की उपस्थिति और सहयोग से सफल रहा। इस आयोजन ने न केवल बच्चों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ा, बल्कि उन्हें गुरुओं के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर भी प्रदान किया।

## छात्रोत्सव प्रतिभा सम्मान समारोह : मेधावियों को किया सम्मानित

### अभाविप की नई नगर कार्यकारिणी घोषित



**सिहोरा, देशबन्धु।** राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के 77वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सिहोरा नगर इकाई द्वारा %छात्रोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह% का भव्य आयोजन किया गया। इस समारोह में सिहोरा नगर के विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन को पहचान मिली।

इस गरिमामय कार्यक्रम का शुभारंभ सिहोरा तहसीलदार श्री शशांक दुबे और एबीवीपी की प्रांत छात्रा प्रमुख सुश्री आंचल मिश्रा की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने माँ सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी की प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया।

कार्यक्रम के दौरान, सिहोरा तहसीलदार श्री शशांक दुबे ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एबीवीपी के मूल्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि परिषद का प्रत्येक कार्यकर्ता वैचारिक भूमिका, सिद्धांत, उद्देश्य, कार्यक्रम और कार्यपद्धति से निर्मित एक आदर्श कार्यकर्ता होता है, और इसी विचार को लेकर विद्यार्थी परिषद लगातार कार्य कर रही है। प्रांत छात्रा प्रमुख सुश्री आंचल मिश्रा ने एबीवीपी की व्यापक भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की भूमिका केवल शिक्षण संस्थानों में आंदोलन खड़ा करना नहीं है, बल्कि समाज और राष्ट्र के लिए ईमानदार, योग्य, अनुभवी, राष्ट्रवादी और संवेदनशील पीढ़ी तैयार करना भी है, जो विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने की क्षमता रखती हो। उन्होंने इस संगठन का हिस्सा होने पर गर्व व्यक्त किया। समारोह में सिहोरा जिला विद्यार्थी विस्तारक और प्रांत एसएफएस सह-संयोजक आदर्श सिंह, प्रांत प्रमुख शिवम चौरसिया, विभाग छात्रा प्रमुख राशि जैन और जिला संयोजक आनंद श्रीवास सहित कई प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**वर्ष 2025-26 के लिए नई नगर कार्यकारिणी की घोषणा**-कार्यक्रम के अंत में, सत्र 2025-26 के लिए सिहोरा नगर एबीवीपी की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। इसमें निशांत वात्रि को सिहोरा नगर अध्यक्ष और शरद शर्मा को नगर मंत्री बनाया गया है।

नगर सहमंत्री की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी अंशी मिश्रा, लक्की यादव, रंजीत पटेल, पूर्वी तिवारी और निखिल बर्मन को सौंपी गई है। इनके साथ-साथ अन्य कार्यकर्ताओं को भी पुष्प गुच्छ भेंट कर उनकी अलग-अलग जिम्मेदारियों के साथ सम्मानित किया गया, जिससे संगठन में नई ऊर्जा का संचार हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के सम्मान और उनमें नेतृत्व क्षमता विकसित करने की एबीवीपी की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।



## साइकिल पाकर खिल उठे छात्राओं के चेहरे

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय यशोदा बाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खितौला बाजार में कक्षा 9वीं की 43 छात्राओं को साइकिलें मिलने से उनके चेहरे खुशी से खिल उठे। यह साइकिलें मध्य प्रदेश शासन की निशुल्क साइकिल वितरण योजना के तहत प्रदान की गईं, जिसका उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। साइकिल वितरण समारोह में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सिहोरा अरविंद सिंह धुर्वे, प्राचार्य जे. एल. खांडे और वार्ड पार्षद गौरा देवी विश्वकर्मा ने छात्राओं को साइकिलें प्रदान कीं। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी अरविंद सिंह धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि छात्राओं की पढ़ाई-लिखाई में शासन द्वारा प्रदत्त निशुल्क साइकिल वितरण योजना एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने बताया कि यह साइकिलें छात्राओं की घर से स्कूल जाने की दूरी और समय की बचत करेंगी, जिससे उन्हें पढ़ाई के लिए अधिक समय मिल सकेगा। उन्होंने यह भी जोर दिया कि इससे छात्राएं समय से स्कूल आ-जा सकेंगी और उनकी उपस्थिति में भी सुधार होगा। इस अवसर पर वरिष्ठ शिक्षक जयप्रकाश तिवारी, अरविंद तिवारी, नरेश पटेल, रंजना चौरसिया, बलराम बर्मन, महेंद्र त्रिपाठी, अक्षय चौदहा, एहसान उल अंसारी, दीप्ति सिंह, ज्योति हल्दकार, सरिता दुबे, रोशनी राजपूत, रोशनी चौरसिया, नीता कुररिया, प्रियंका नायक , संगीता रैदास, जनशिक्षक श्यामराव माण्डेलकर सहित विद्यालय परिवार के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## आवागमन और जलप्लावन की समस्या को लेकर विधायक ने दी हिदायत

**जबलपुर, देशबन्धु।** दमोहनाका स्थित फ्लाई ओवर के नीचे मार्ग अवरुद्ध कर निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे यातायात के साथ पैदल चलना भी दूभर हो रहा है। सिहोरा, पनागर, सुहागी, महाराजपुर, अधारताल के लोगों का भी शहर में आवागमन का भी यही रास्ता है, जिसके चलते पनागर विधायक सुशील तिवारी द्वारा दमोह नाका के चारों ओर मार्गों का निरीक्षण किया गया एवं उनके साथ उत्तर मध्य के विधायक अभिलाष पांडे भी मौजूद थे, जिसमें लोक निर्माण के अधिकारी एवं निर्माण एजेंसी को सर्वप्रथम अतिशीघ्र कार्य पूर्ण करने एवं गुणवत्ता में सुधार के आदेश विधायक गणों द्वारा दिए गए एवं डायवर्टेड मार्गों पर यातायात एवं गड्ढो की जल प्लावन की समस्या का उचित निदान करने के लिए अधिकारियों से चर्चा की गई, जिससे आम नागरिक यातायात में जो परेशानी शहर वासियों को हो रही है, उससे निदान मिले। विधायक सुशील तिवारी ने बताया कि आवागमन मार्ग में हो रहा निर्माण कार्य बहुत धीमी रफ्तार से चल रहा है एवं गुणवत्ता को लेकर उचित अधिकारियों एवं निर्माण एजेंसियों को आदेशित किया गया है।



## एलकेआर फूड्स इंडस्ट्रीज तिलंगवा ने सैकड़ों एकड़ रकबे की पानी निकासी रोकी

**पाटन, देशबन्धु।** जनपद पंचायत पाटन के अंतर्गत आने वाले तिलंगवा गांव की लगभग दो सौ एकड़ की धान बारिश के पानी की निकासी नहीं होने से डूब गई है जिसकी वजह से दर्जनों किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ देखी जा सकती हैं। जब भी इस मामले को लेकर क्षेत्र का किसान पानी निकासी में बाधा डालने वाले एल.के.आर.फूड्स इंडस्ट्रीज तिलंगवा के जिम्मेदारों से बात करने की कोशिश करता है। उसके द्वारा किसानों को डराने धमकाने की कोशिश की जाती है।

पीड़ित किसानों ने बताया कि कैलाश कुमार अग्रवाल पिता लक्ष्मी नारायण अग्रवाल निवासी तमरहाई स्कूल के पास जबलपुर की शादी पाटन नगर के जाने माने व्यापारी अंतू सेठ के परिवार में हुई है। और चार पांच वर्ष पहले यह जमीन राइस मिल निर्माण हेतु खरीदी गई थी। बताया जाता है कि इंडस्ट्रीज के निर्माण के दौरान भी किसानों का विवाद हुआ था और विवाद बढ़ता देख इनके द्वारा पानी की निकासी हेतु एक छोटी सी पुलिया खेतों के लेवल से ऊंची करके डाल दी गई थी। अभी वर्तमान समय में भूमि स्वामी कैलाश कुमार अग्रवाल पुत्र: राहुल अग्रवाल ने पानी की निवासी को पूरी तरह से बंद कर दिया है जिससे दो सौ एकड़ रकवे में लगे धान का रोपा डूब गया है। आगे किसानों ने बताया कि नहर की वारों एरिया की जमीन और मुख्य सड़क की जमीन पर अग्रवाल बंधु ने अवैध कब्जा कर इंडस्ट्रीज का निर्माण किया है। किसानों ने शासन प्रशासन से मांग की है कि तिलंगवा हार के खेतों से निकलने वाले पानी की निकासी में बाधा डालने वाले एल.के.आर.फूड्स इंडस्ट्रीज के द्वारा किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाया जाए जिससे तिलंगवा हार में बारिश के दौरान जमा हुए पानी की निवासी सुचारू रूप से हो सके। और बारिश के पानी में डूबा दो सौ एकड़ रकवे में लगा धान का रोपा के नुकसान से किसानों को बचाया जा सके।

**इनका कहना** -जब इस संबंध में तहसीलदार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि आप के माध्यम से यह मामला मेरे संज्ञान में आया है इसे में दिखवाता हूं।

## लॉस एंजिलिस में सुरंग का एक हिस्सा ढहा, सभी 31 श्रमिक सुरक्षित

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिका के लॉस एंजिलिस में बुधवार शाम को विशाल औद्योगिक सुरंग के एक हिस्से के ढह गया। हालांकि, 31 निर्माण श्रमिक सुरक्षित बाहर निकल आए। सुरंग बोरिंग मशीन से आठ किलोमीटर अंदर का हिस्सा ढहा था। श्रमिक लगभग 121 मीटर गहराई पर थे। अधिकारियों ने कहा कि वे अब भी घटना के कारण की जांच कर रहे हैं। श्रमिकों ने सुरंग के एक हिस्से के ढहने के बाद 19.3 मीटर ऊंचे मिट्टी के ढेर पर चढ़कर सुरंग बोरिंग मशीन तक पहुंचे। बाद में उन्हें सुरंग के मुहाने पर वापस लाया गया। अधिकारियों ने कहा कि बचाए गए श्रमिकों में से किसी को भी गंभीर चोटें नहीं आईं। लॉस एंजिलिस सिटी काउंसिल के सदस्य ने श्रमिकों की शांति बनाए रखने की प्रशंसा की।

### ट्रंप के ब्राजील पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ से नाराज ब्राजीलियाई राष्ट्रपति ने कहा

# ट्रंप को जानना होगा कि दुनिया बदल गई, हमें कोई सम्राट नहीं चाहिए

**वाशिंगटन, (एजेंसियां)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्राजील पर 50 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप ने अपने नवीनतम टैरिफ लेटर में इस योजना की घोषणा की, जिसे सोशल मीडिया पर साझा किया गया। इस घोषणा के बाद ब्राजीलियाई राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने भी आर्थिक प्रतिशोध की चेतावनी दी।

बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने ब्राजील पर अमेरिकी तकनीकी कंपनियों पर हमले करने और पूर्व ब्राजीलियाई राष्ट्रपति जेयर बोल्सोनारो के खिलाफ विच हंटिंग का आरोप लगाया। जेयर बोल्सोनारो पर 2022 के चुनाव को पलटने की साजिश में कथित भूमिका के लिए मुकदमा चल रहा है।

ब्राजीलियाई राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप के इस वार पर पलटवार किया। उन्होंने आर्थिक प्रतिशोध का जिक्र कर कहा कि ब्राजील पर टैरिफ बढ़ाने पर जवाबी कार्रवाई की जाएगी, और उन्होंने देश



- ब्राजीलियाई राष्ट्रपति ने दी आर्थिक प्रतिशोध की चेतावनी
- ट्रंप ने इस हफ्ते दुनिया भर के देशों को 22 पत्र भेजे

की न्यायिक व्यवस्था में किसी भी तरह के हस्तक्षेप के खिलाफ चेतावनी दी।

राष्ट्रपति लूला ने सोमवार को ट्रंप की सोशल मीडिया धमकियों पर पलटवार किया। लूला ने कहा कि उन्हें यह जानना होगा कि दुनिया बदल गई है। हमें कोई सम्राट नहीं चाहिए। इस हफ्ते की शुरुआत में बोल्सोनारो के मुकदमे को लेकर भी ट्रंप और लूला में बहस हुई थी। उस समय, लूला ने कहा था कि ब्राजील किसी के भी हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं करेगा और कोई भी कानून से ऊपर नहीं है। ट्रंप ने इस हफ्ते दुनिया भर के देशों को 22 पत्र भेजे हैं, जिनमें जापान, दक्षिण कोरिया और श्रीलंका जैसे व्यापारिक साझेदार भी शामिल हैं, जिनमें उनके उत्पादों पर नए टैरिफ की रूपरेखा दी गई है। इन कदमों से अप्रैल में उनके द्वारा प्रस्तावित योजनाओं को पुनर्जीवित करने में काफी मदद मिली है, लेकिन वित्तीय बाजारों की नकारात्मक प्रतिक्रिया के बाद उन्हें स्थगित कर दिया गया था। कई अन्य देशों के विपरीत, पिछले साल अमेरिका ने ब्राजील से खरीदे गए उत्पादों की तुलना में ब्राजील में ज्यादा सामान बेचा था।

## अमेरिका से नए शुल्क मसले पर वार्ता करेगा मेक्सिको



**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शीनबाम ने कहा है कि मेक्सिको का एक प्रतिनिधिमंडल अगले सप्ताह वाशिंगटन में अमेरिकी अधिकारियों से मुलाकात कर नए व्यापार शुल्कों पर बातचीत कर बेहतर समाधान का प्रयास करेगा।
राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से लगाए गए आयात शुल्क पर उन्होंने यह प्रतिक्रिया व्यक्त की है। सुश्री शीनबाम ने कहा कि एक सरकारी प्रतिनिधिमंडल गुरूवार को वाशिंगटन डी सी जाएगा। सुश्री शीनबाम ने कहा कि इस सप्ताह हमारी एक टीम इस वैश्विक समझौते पर काम करने के लिए अमेरिका की यात्रा पर जा रही है। हमने इस मामले में राष्ट्रपति ट्रम्प के साथ जी7 में चर्चा की थी। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल की अगुवाई वित्त मंत्री मार्सेलो एबरार्ड करेंगे और इसमें वित्त और विदेश मामलों के सचिवालयों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। इस वार्ता का एजेंडा मुक्त व्यापार पर मौजूदा अमेरिका-मेक्सिको-कनाडा समझौते (यूएसएमसीए) से कही व्यापक होगा जिसमें सुरक्षा, आव्रजन और व्यापार के तीन प्रमुख मुद्दों पर व्यापक रणनीतिक सहयोग पर बात की जाएगी। इस दौरान अमेरिका-मेक्सिको सीमा पर 'सुरक्षा' का मसला अहम होगा और व्यापार नए शुल्कों की संभावना पर केंद्रित होगा।

## दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति रिहाई के तुरंत बाद फिर हिरासत में

**सोल, (एजेंसियां)।** दक्षिण कोरिया के पूर्व राष्ट्रपति यून सुक येओल को रिहाई के कुछ ही समय बाद न्यायिक हिरासत में ले लिया गया क्योंकि उनके खिलाफ पिछले साल मार्शल लॉ की घोषणा के मामले में दूसरी जांच लंबित है। सीएनएन की रिपोर्ट के मुताबिक जांच का नेतृत्व कर रहे स्वतंत्र वकील ने बताया कि सियोल सेंट्रल डिस्ट्रिक्ट कोर्ट ने सबूतों के नष्ट होने की आशंका के चलते गुरूवार सुबह श्री येओल की दोबारा गिरफ्तारी के वारंट को मंजूरी दे दी। पिछले साल दिसंबर में श्री येओल ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए देश में मार्शल लॉ लागू कर दिया था जिसकी वजह से दक्षिण कोरिया संवैधानिक और राजनीतिक संकट में फंस गया था। उनके इस फैसले को देश के लोकतंत्र पर हमला करार दिया गया था। उन्होंने सांसदों द्वारा राष्ट्रीय एसेम्बली में जबरदस्ती घुसने और इसे रोकने के लिए मतदान करने के छह घंटे के अंदर अपना रूख बदल लिया था। श्री येओल को जनवरी में विद्रोह का नेतृत्व करने और संविधान की अवहेलना करने के आरोप में हिरासत में लिया गया था और वे दक्षिण कोरिया के इतिहास में गिरफ्तार होने वाले पहले राष्ट्रपति बन गए।



## आज का इतिहास

1290- इंग्लैंड के सम्राट एडवर्ड प्रथम के आदेश पर यहूदियों को बाहर निकाला गया।
1346- लक्जमबर्ग के चार्ल्स चतुर्थ को रोमन साम्राज्य का शासक नियुक्त किया गया।
1673- नीदरलैंड और डेनमार्क के बीच रक्षा संधि पर हस्ताक्षर हुए।
1690- विलियम ऑफ ऑरेंज के नेतृत्व में प्रोटेस्टेंटों ने रोमन कैथोलिक सेना को पराजित किया।
1801- अल्जीसिरास की लड़ाई में ब्रिटेन ने फ्रांस और स्पेन को पराजित किया।
1823- भारत में निर्मित प्रथम वाष्प इंजन युक्त जहाज 'डायना' का कलकत्ता (अब कोलकाता) में जलावतरण।
1862- अमेरिकी कांग्रेस ने मेडल ऑफ ऑनर को प्राधिकृत किया।
1912- 'क्वीन एलिजाबेथ' अमेरिका में प्रदर्शित होने वाली पहली विदेशी फिल्म बनी।

## सुडोकू 6971

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | | | | |
| | | | 4 | | 8 | | 7 | |
| 4 | | 7 | 9 | 5 | 3 | | 8 | |
| 9 | | 5 | | | | | | |
| 8 | | 1 | | 4 | | 7 | | 5 |
| | | | | | | 9 | | 1 |
| | 9 | | 8 | 2 | 1 | 4 | | 7 |
| | 8 | | 6 | | 4 | | | |
| | | | | | | | | 6 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6971

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**
१. जीवन का अवलंब, सहारा, प्रियतम, पति
३. हलचल, घबराहट, उथल-पुथल
५. भद्दा, विशाल, भयंकर दुर्गम
६. समय का बोध कराने वाला
७. कुटुंब
९. माथा, ललाट
१०. समीपता
१२. उपकरण, आला, कोई काम करने का साधन (उर्दू)
१३. उस ओर का, दूसरी ओर का
१४. सेविका, दासी
१६. चारों दिशाओं में से एक दिशा
१८. उच्च कुल में उत्पन्न
२०. सालाना
२१. जंगल में पैदा होने वाला
२३. दयालु, उदारमना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:-**
१. सवेरे का समय
२. अविच्छिन्न रूप से होने या चलने वाला
३. अनबन, मनमुटाव
४. उपद्रव, दंगा (उर्दू)
५. बेचैनी, व्याकुलता
८. कामदेव
१०. जो किसी से न डरे
११. पतली शाखा, डाली
१२. संतान
१३. ऐसी समस्या जो शीघ्र हल न किया जा सके, बुझौवल
१४. नवयुवक (उर्दू)
१५. राजा.या शासन को दिया जाने वाला कर
१७. सीता
१८. फूल, पुष्प
१९. नया, नवीन
२२. वृक्ष, पेड़

### वर्ग पहेली-6970

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ म | स | २ ख | रा | ■ | ■ | ३ वि | मा | ४ नि | त |
